सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
30.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 167



12 साउथ और बॉलीवुड के गानों की तुलना कर बुरी फंसीं रश्मिका

## न्यूज डायरी

### नक्सलियों के लगाये बम से ग्रामीण की मौत

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम में आइइडी विस्फोट में ग्रामीण की मौत हो गयी। अति उग्रवाद प्रभावित गोइलकेरा थाना के मारादिरी के समीप मालिका कोचा जंगल में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने बम लगाये थे। लकड़ी चुनने गये एक ग्रामीण लैंडमाइंस की चपेट में आ गया। घटना बुधवार की देर शाम हुई पर गुरुवार की सुबह पुलिस को इसकी जानकारी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान छोटा कुईया के निवासी सिंगराय पुर्ति (23) के रूप में की गयी है।

### पीएम की आज कोलकाता में बैठक, हेमंत भी जा सकते हैं

**रांची।** पीएम मोदी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक के अलावा कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। गंगा परिषद की बैठक में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के भी शामिल होने की संभावना है। बैठक पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, उत्तराखंड, यूपी के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है।

### हजारीबाग में हादसा, एक की मौत, पांच लोग घायल

**हजारीबाग।** चौपारण एनएच-2 स्थित दनुआ घाटी में गुरुवार को एक स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें ड्राइवर अनिल सिंह की मौत हो गयी जबकि रोशन सिंह, उनकी पत्नी मुस्कान सिंह, प्रीति सिंह, दीपक कुमार, संजीव कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को चौपारण के सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से रेफर कर दिया गया।

### ममता के मंत्री सुब्रत साहा का निधन शोक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री सुब्रत साहा (69) का बृहस्पतिवार को मुर्शिदाबाद जिले में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीएम ममता बनर्जी ने साहा के निधन पर शोक जताया। उनके निधन से राजनीतिक क्षेत्र में बड़ा शून्य पैदा हो गया है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी मंत्री के निधन पर शोक जताया है।

### ब्रह्मोस का सफल परीक्षण समुद्री लक्ष्य भेदने में सक्षम

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने गुरुवार को सुखोई-30 एमकेआई फाइटर जेट से ब्रह्मोस मिसाइल के विस्तारित रेंज का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना ने समुद्र में स्थित लक्ष्यों को सुखोई-30 फाइटर जेट से टारगेट करके नष्ट करने की क्षमता हासिल की। इसका सफल परीक्षण बंगाल की खाड़ी में किया गया।

### पीएफआइ के ठिकानों पर एनआइ का छापा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने गुरुवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ), उसके पदाधिकारियों/कैडरों, सदस्यों और सहयोगियों द्वारा की जा रही गैरकानूनी और हिंसक गतिविधियों से संबंधित एक मामले में केरल में 56 स्थानों पर तलाशी ली। छापे में कई हथियार व आपतिजनक दस्तावेज बरामद किये गये। पीएफआई को आपराधिक हमलों को सही ठहराने और कमजोर युवाओं को आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हुए पाया गया। चाकू, खंजर, तलवार और अन्य प्रकार के हथियारों के इस्तेमाल से जानलेवा हिंसक वारदातों को अंजाम देने में प्रशिक्षित पीएफआई के सात कैडर और 20 अन्य संदिग्धों के यहां तलाशी ली गयी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

## चुनौतियों के बावजूद सभी का कल्याण ही हमारा उद्देश्य : हेमंत

# जनहित में लक्ष्य से नहीं डिगेगी सरकार

### सरकार ने तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में दी कई सौगात

▸ सूखा राहत, किशोरी समृद्धि और छात्रवृत्ति योजना के लाभुकों के खाते में 951 करोड़ डाले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार किसानों, मजदूरों, सरकारी कर्मियों, बुजुर्गों, महिलाओं, नौजवानों सहित हर वर्ग और तबके के लिए योजनाएं चला रही है। राज्य सरकार जिस उद्देश्य के साथ काम कर रही है, उससे यहां के सभी लोग आगे बढ़ेंगे। श्री सोरेन गुरुवार को गठबंधन सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि सरकार तय लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर रही है। राज्य के कोने-कोने में रह रहे गरीबों और जरूरतमंदों को सरकार की योजनाओं का मिल रहा लाभ है। पूरी क्षमता और ताकत के साथ विकास की गति को धार दे रहे हैं।






### अभी तो तय करना है हमें लंबा सफर

मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 वर्षों में किसी भी सरकार को ऐसी चुनौतियों का सामना नहीं करना पड़ा, जैसा हमारी सरकार को झेलना पड़ा। राज्य गठन के महज कुछ ही महीनों के बाद कोरोना जैसी महामारी ने पूरे विश्व को अपनी चपेट में ले लिया। 2 वर्षों तक कोरोना से हम जंग लड़ते रहे। इस दौरान हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंधन के जरिये न सिर्फ जीविका को बचाया, बल्कि जीविकोपार्जन के भी साधन लोगों को उपलब्ध कराए। आज विकास को तेज करने का कार्य पूरी क्षमता और ताकत के साथ सरकार कर रही है। लेकिन, यह शुरूआत है। अभी हमें आगे लम्बा सफर तय करना है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक बसंत सोरेन, दीपिका पांडे सिंह, राजेश कच्छप, प्रदीप यादव, अंबा प्रसाद, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी नीरज सिन्हा, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी उपस्थित थे।

### कई उतार-चढ़ाव आये, पर हम अडिग रहे

पिछले तीन सालों में हमने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से हमारा सामना हुआ। इस दौरान देश-दुनिया की तमाम व्यवस्थाएं ठप सी हो गयी। झारखंड भी इससे अछूता नहीं रहा, लेकिन, हमारी सरकार ने इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। इस आपदा को हमने अवसर के रूप में लिया। इसी का नतीजा रहा कि आप सभी के सहयोग से इस महामारी से निपटने में कामयाब हुए। इसके उपरांत विकास की गति को तेज करने की संकल्पना के साथ कई योजनाओं को शुरू किया। उसका लाभ आज राज्य के सभी लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जिस सोच और उद्देश्य के साथ काम कर रही है, उससे यहां के लोग भी आगे बढ़ेंगे और राज्य भी आगे बढ़ेगा।

### 20 वर्षों में विकास का माहौल नहीं बना

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य में काफी क्षमताएं हैं। यहां खनिज समेत वैसे सभी संसाधन मौजूद हैं, जो राज्य को विकास के मार्ग पर आगे ले जा सकते हैं। लेकिन, पिछले 20 वर्षों में किन्ही न किन्ही वजहों से राज्य में विकास का माहौल नहीं बन सका। हमारी सरकार अब विकास को नयी दिशा देने के काम में जुट गयी है। इसके लिए वातावरण तैयार किया जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि यहां के संसाधनों का अगर सदुपयोग सही तरीके से हुआ तो झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा होगा।



### लाभुकों से सीधा संवाद

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समारोह में कुछ लाभुकों को अपने हाथों से योजनाओं का लाभ प्रदान किया। वहीं, विभिन्न जिलों में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के साथ ऑनलाइन संवाद भी किया। लाभुकों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं से उन्हें काफी लाभ पहुंच रहा है और उनके गांव,पंचायत में विकास कार्य काफी बेहतर तरीके से संचालित हो रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि श्री सोरेन के नेतृत्व में सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है। सरकार ने जो कहा है, उसे पूरा कर रही है। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछले 3 वर्षों में विभिन्न चुनौतियों के बीच बेहतरीन कार्य किये हैं।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार हर क्षेत्र में हो रहा विकास

सीएम ने कहा कि गठबंधन सरकार के कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार समेत सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य हो रहे हैं। किसानों, मजदूरों, सरकारी कर्मियों, बुजुर्गों, महिलाओं, नौजवानों सहित हर वर्ग और तबके के लिए योजनाएं चला रहे हैं। सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कई योजनाओं और पोर्टल का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लाभुकों के बीच डीबीटी के माध्यम से लगभग 951 करोड़ रुपए हस्तांतरित किये गये हैं।

## लोहरदगा मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

### रविंद्र गंझू दस्ते का दो लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सुरक्षा बल ने गुरुवार को रविंद्र गंझू दस्ते के 5 लाख के इनामी नक्सली चंद्रभान पाहन को मुठभेड़ में मार गिराया। वहीं दो लाख के इनामी नक्सली गोविंद बरीजिया को धर दबोचा। जानकारी के अनुसार बगड़ू और पेशरार थाना क्षेत्र के कोरगो और आस पास के जंगलों में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों से जबरदस्त मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने ये सफलता हासिल की। सुरक्षाबलों के जवान पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च अभियान चला रहे हैं। जिले से अतिरिक्त पुलिस बल को भी भेजा गया है।

**पिता ने की शव की शिनाख्त :** मुठभेड़ में मारे गये नक्सली की पहचान 5 लाख के इनामी नक्सली चंद्रभान पाहन के रूप में हुई । उसके पिता ने अपने पुत्र के शव की शिनाख्त की। वह रविंद्र गंझू के दस्ते का सबजोनल कमांडर था। वह 5 लाख का इनामी था। चन्द्रभान पाहन उगरा मेड़ों गांव थाना सेन्हा जिला लोहरदगा का रहने वाला है। पुलिस ने सदर अस्पताल पोस्टमार्टम कर पूरे बॉडी का एक्सरे भी करायी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। (शेष पेज 11 पर)




## 14 राज्यों के 91 ठिकानों पर एक साथ सीबीआइ छापा

### बोकारो में फर्जी मेडिकल डिग्री समेत कई दस्तावेज मिले

### फर्जी मेडिकल प्रैक्टिस पर शिकंजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विदेश से मेडिकल में स्नातक के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर राज्यों के मेडिकल काउंसिल से मेडिकल प्रैक्टिस के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के मामले की जांच कर रही सीबीआइ की टीम ने झारखंड के बोकारो समेत 14 राज्यों के 91 ठिकानों पर गुरुवार को एक साथ छापेमारी की। सीबीआई 14 राज्यों के मेडिकल काउंसिल और 73 विदेशी चिकित्सा स्नातकों के खिलाफ जांच कर रही है। इन विदेशी छात्रों को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एक्जाम (एफएमजीई) की परीक्षा पास किये बगैर ही मरीजों का इलाज करने की अनुमति दे दी गयी थी। छापामारी में सीबीआइ ने एफएमजी परीक्षा के फर्जी पास प्रमाणपत्र सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये। इस मामले को लेकर 21 दिसंबर को सीबीआइ ने मामला दर्ज किया था।





**बोकारो समेत इन जगहों पर छापामारी :** इसी मामले में सीबीआइ ने गुरुवार को बोकारो में चास शिवशक्ति कालोनी निवासी विनोद कुमार के बेटे मुकेश कुमार के ठिकाने पर पहुंची सीबीआइ की टीम ने छानबीन में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये। मुकेश कुमार ने 2015 में रूस से एमबीबीएस करने का दावा किया है। सीबीआइ सूत्रों के अनुसार फाइनल परीक्षा में उन्हें असफल घोषित किया गया था। उन्होंने मेडिकल प्रैक्टिस के लिए बिहार मेडिकल काउंसिल से 27 अक्टूबर 2015 को रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसे राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) ने पकड़ा और फिर दर्ज प्राथमिकी में आरोपित बनाया है। (शेष पेज 11 पर)

## दलाई लामा की जासूसी में चीनी महिला गिरफ्तार

### गया में सुरक्षा बढ़ी, स्केच जारी कर हो रही थी खोज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना/गया।** बिहार के गया जिले में बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा की जासूसी करने के आरोप में पुलिस ने चीनी महिला सांग शियाओलम को बिहार पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कालचक्र से पकड़ा गया, जहां लामा उपदेश देते हैं। पुलिस के अनुसार यह महिला तलाकशुदा है और दो बच्चों की मां है। वह 2019 में भी भारत आयी थी। फिर लौट गयी और नेपाल भी गयी। उसके बाद से वह भारत में है। गया की एसएसपी हरप्रीत कौर ने बताया कि स्थानीय पुलिस को एक चीनी नागरिक की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। यह महिला है, जो पिछले एक साल से गया और राज्य के अन्य हिस्सों में रह रही है। खुफिया जानकारी के बाद दलाई लामा और बोधगया में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। बताया जाता है कि सांग शियाओलम का वीजा नंबर 901 बीएए 2 जे हैऔर पीपी नंबर ईएच 2722976 है। (शेष पेज 11 पर)



## अभिनेत्री रिया की हत्या में पति का हाथ, पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**हाबड़ा।** झारखंड की अभिनेत्री व सिंगर ईशा आलिया उर्फ रिया कुमारी की हत्या के आरोप में उसके पति प्रकाश कुमार को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर प्रकाश के बयान स्पष्ट नहीं था, जिसे लेकर पुलिस को पहले ही उसपर शक था। शुरूआती जांच के दौरान प्रकाश कुमार के बयान पर पुलिस को संदेह हुआ। प्रकाश के बयान से यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि कैसे तीन बदमाशों ने एक्ट्रेस ईशा आलिया को गोली मार दी, जबकि पूरा परिवार कार से रांची से कोलकाता जा रहा था। पुलिस को शुरू से ही प्रकाश के व्यवहार और बोलचाल पर शक था। लंबी पूछताछ के बाद गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकाश कुमार को ही पुलिस आरोपी मान रही है। (शेष पेज 11 पर)



### प्रकाश की दूसरी पत्नी थी रिया

**पुलिस** को अभिनेत्री के पति पर ही शक के कई कारण मिले। प्रकाश को गुरुवार को उलुबेरिया कोर्ट में पेश किया गया। पता चला है कि ईशा आलिया प्रकाश की दूसरी पत्नी है। उसकी पहली पत्नी इस रिश्ते से खुश नहीं थी और अपने पिता के घर पर रहती है। यह भी पता चला है कि प्रकाश ने ईशा के नाम पर एक बड़ी रकम का बीमा कराया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रकाश ने पुलिस को बताया कि हमलावरों ने कार के पिछले दरवाजे के सामने करीब से रिया को गोली मारी, जबकि कार के अंदर से कोई गोली या खोखा नहीं मिला है। साथ ही कार का शीशा भी ऊपर था। कहा गया कि रिया की कार में ही गोली मारकर हत्या कर दी गयी, लेकिन कार के अंदर खून के कोई निशान भी नहीं मिले। प्रकाश के अनुसार मौके पर मारपीट भी हुई, लेकिन कोई निशान नहीं मिले। ऐसे में जांच अधिकारी रिया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ज्यादा अहमियत दे रहे हैं।

## 15 फरवरी से 10वीं-12वीं की परीक्षा, डेटशीट जारी

### 10वीं का लास्ट पेपर 21 मार्च को और 12वीं का 5 अप्रैल को, प्रैक्टिकल 1 से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीबीएसइ ने गुरुवार को 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2023 से शुरू होगी। 10वीं का लास्ट पेपर 21 मार्च को और 12वीं का लास्ट पेपर 5 अप्रैल को होगा। बोर्ड द्वारा कहा गया है कि दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हर परीक्षा के बीच में पर्याप्त अंतराल दिया गया है। डेटशीट जारी होने के बाद छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी डेटशीट चेक और डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं, प्रायोगिक परीक्षाएं एक जनवरी 2023 से आयोजित की जायेंगी।

**जेइइ की परीक्षाओं का भी रखा गया है ख्याल :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी आदेश में कहा कि 12वीं की डेटशीट को बनाते समय बोर्ड ने जेईई की परीक्षाओं का भी ध्यान रखा है।

काफी पहले डेटशीट जारी की गयी है ताकि छात्रों के पास परीक्षा की तैयारी के लिए प्रर्याप्त समय मिले। परीक्षा कुल तीन घंटे की होगी। परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होगी। छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डेटशीट डाउनलोड कर सकते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### किस दिन होगा कौन सा पेपर

जारी डेटशीट के अनुसार सीबीएसई की 10वीं कक्षा के लिए 16 फरवरी को रिटेल, सिक्योरिटी, ऑटोमोटिव, टूरिजम, एग्रीकल्चर, बैंकिंग एंड इन्श्योरेंस, 17 फरवरी को हिंदुस्तानी म्यूजिक, अकाउंटेंसी, 20 फरवरी को लैंग्वेज, 27 फरवरी को इंग्लिश, 4 मार्च को साइंस, 6 मार्च को होम साइंस, 9 मार्च को बिजनेस एलिमेंट्स, 11 मार्च को संस्कृत, 13 मार्च को कंप्यूटर, आईटी, एआई, 15 मार्च को सोशल साइंस, 17 मार्च को हिंदी और 21 मार्च को मैथ्स का पेपर होगा।

स्पीड न्यूज



## सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर काटा केक

**जमशेदपुर।** गुरुवार को झारखंड सरकार के सफलतापूर्वक 3 साल पूरा होने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में सोनारी के कागल नगर चौक में केक कटा। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिंदाबाद, हेमंत है तो हिम्मत है, 3 साल बेमिसाल का नारा लगाते हुए झारखंड सरकार का जनता के लिए किए गए विकास कार्यों का विवरण करते हुए नारा लगाया गया।

## हाथियों ने दोबारा दी दस्तक, दहशत में लोग

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा में हाथियों ने दोबारा दस्तक दे दी है। गुरुवार को मेचुआ-भाटीन गांव को जोड़ने वाली सड़क पर एक हाथी व उसके दो छोटे-छोटे बच्चे को लोगों ने बीच सड़क पर देखा। इस नजारे को कई लोगों ने अपने कमरे में कैद किया। इस बाबत क्षेत्र के मुखिया श्री राम सोरेन ने कहा कि हाथियों के दोबारा दस्तक की सूचना जादूगोड़ा वन विभाग को दे दी गयी है। क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में है।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक व एचडीएफसी लाइफ ने की टाई-अप की घोषणा



**जमशेदपुर।** भारत के प्रमुख स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और भारत के प्रमुख जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने गत 16 दिसंबर, 2022 को, बैंक एंश्योरेंस बिजनेस मॉडल के माध्यम से एचडीएफसी लाइफ की बीमा योजनाओं की मांग के लिए एक कॉर्पोरेट एजेंसी सुविधा की शुरूआत की। इस पार्टनरशिप के माध्यम से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के विविध ग्राहक, एचडीएफसी लाइफ द्वारा पेश किए जाने वाले लाइफ इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स की पूरी श्रृंखला से लाभान्वित हो सकेंगे, जो वित्तीय सुरक्षा की उनकी जरूरत को पूरा करेगी। इस सुविधा का उद्देश्य ग्राहकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म और एचडीएफसी लाइफ के टच पॉइंट तक पहुंच प्रदान करते हुए बैंक की जीवन बीमा पेशकश को और भी अधिक समृद्ध बनाना है।

## समस्याओं को लेकर नगर निगम का घेराव



**जमशेदपुर।** भाजपा आजादनगर मंडल अध्यक्ष फातिमा शाहीन के नेतृत्व में मंडल क्षेत्र के जन समस्याओं को लेकर दल बल के साथ मानगो नगर निगम का घेराव किया। इसका अयोजन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहम्मद निसार अहमद ने अपनी देख रेख में किया। घेराव कर रहे लोगो ने बताया कि नगर निगम के लोग नगर निगम द्वारा जारी की गई सरकारी नंबर पर भाजपा के लोगों का फोन नही उठाते हैं, आजादनगर क्षेत्र में लोग गंदी नाली भर जाने से पानी का सड़कों पर बहना, बहुत सारे ऐसी जगह है। जहां सड़क ही नहीं है और वहीं दूसरी तरफ पक्की सड़क पर पेवर्स ब्लॉक लगाया जा रहा है, सड़क पर लाइट-पोल नहीं है। 1 वर्षों से स्ट्रीट लाईट खराब है।

## रघुवर-सांसद का कल अभिनंदन करेगी भाजपा

**जमशेदपुर।** भाजपा जुगसलाई मंडल की एक बैठक मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र जैन की अध्यक्षता में जुगसलाई के ऋषि भवन में हुई। जिसमें सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार एवं भाजपा जिला महामंत्री अनिल मोदी, जिला मीडिया प्रभारी पप्पू सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनमोल शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पारीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष जुगसलाई सांसद प्रतिनिधि नागेंद्र पांडेय उपस्थित थे। बैठक में जुगसलाईवासियों की दशकों पुरानी मांग जुगसलाई ओवरब्रिज का निर्माण पूर्ण होनें पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

# मनुष्य बुरे कर्मों से बचें, लेकिन माता भगवती के लिए अच्छे कर्म भी करें : विजय प्रकाश

➲ **बिष्टुपुर श्रीराम मन्दिर में नौ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का दूसरा दिन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर मेन रोड श्रीराम मन्दिर में चल रहे श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डीय श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमददेवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को पूज्यनीय आचार्य विजय प्रकाश जी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से राजा जनक, शुक्रदेव संवाद, महर्षि वेदव्यास, जमेजय संवाद और माता भुवनेश्वरी दर्शन का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने कर्म के अनुसार ही फल भोगना पड़ता है।

मनुष्य का जन्म भी अपने कर्म के अनुसार ही होता है, जिस प्रकार कर्म के कारण ही ब्रह्मा, विष्णु महेश इस धरती पर अवतरित हुए। भागवत कहती है कि कर्म किए बगैर हम एक क्षण भी नहीं रह सकते। कर्म हमारे अधीन हैं, उसका फल नहीं। अच्छे कर्मों को करने और बुरे कर्मों का परित्याग करने में ही हमारी भलाई है। अतः मनुष्य को चाहिए कि वह बुरे कर्मों से तो बचे लेकिन अच्छे कर्म भी माता भगवती के लिए करे। गुरुजी ने आगे कहा कि शुक्रदेव जी ने जन्म लेते ही अपने पिता को कहते हैं कि पिताश्री से संसार माया से लिप्त हैं और मैं इस माया में लिप्त नहीं हाना चाहता हूं, मैं सन्यास ग्रहण करूंगा।

शुक्रदेव जी से यह पुछने पर कि चित्त में वैराग्य, ज्ञान, विज्ञान उत्पन्न हो जाने पर व्यक्ति को ग्रहस्थ आश्रम में रहना चाहिए अथवा मन में। इस पर जनक जी कहते हैं कि हे मानद, मानव, इन्द्रिया बड़ी बलवान होती हैं वे वश में नहीं रहती। वे अपरिपक्व बुद्धि वाले मनुष्य के मन में नाना प्रकार के विचार उत्पन्न कर देती हैं। यदि मनुष्य के मन में भोजन, शयन, सुख और पुत्र की इच्छा बनी रहे तो वह सन्यासी होकर भी इन विकारों से मुक्त नहीं हो सकता। मां भगवती राज राजेश्वरी भुवनेश्वरी समेत कई राजाओं का वर्णन करते हुए आचार्य ने आगे कहा कि कर्म से ही इस लोक में सबको जन्म लेना पड़ता है। आज के कथा का मुख्य सार यह था कि अपने कर्मों के प्रति आप आज से ही सजग और सतर्क हो जाते हैं, तो फल अच्छा ही मिलेगा। देवी कथा के दौरान हुए भजन संगीत कार्यक्रम एवं धार्मिक धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया।



कथा सुनाते विजय प्रकाश गुरुजी महाराज।



यज्ञ में हवन करते दंपति।

दूसरे दिन गुरुवार को 37 यजमानों द्वारा श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डात्मक सहस्त्रचंडी महायज्ञ किया गया। शुक्रवार 30 दिसम्बर को नवरात्रि, कुमारी पूजन, श्री राम चरित्र एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव का संवाद होगा। शुक्रवार को भी 37 यजमानों द्वारा महायज्ञ किया जायेगा। श्रीविद्या शक्तिसर्वस्व- चेन्नई के नेतृत्व में टाटानगर ईकाई द्वारा लौहनगरी में दूसरी बार आयोजित हो रहे इस धार्मिक उत्सव में कथा सुनने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। दोपहर में महायज्ञ एवं शाम में कथा के बाद आरती हुई। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# गुरु गोबिंद सिंह जी के 356वें प्रकाश पर्व पर निकाला गया भव्य नगर कीर्तन

➲ **समर्पण, बलिदान और त्याग से ही संभव है राष्ट्र निर्माण : अर्जुन**

➲ **देश सिख गुरुओं का ऋणी : बन्ना गुप्ता**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



1.



2.



3.

**1. टेल्को गुरुद्वारा से नगर कीर्तन की रवानगी से पूर्व अरदास करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक सरयू राय व गुरमीत सिंह तोते व अन्य। 2. शोभा यात्रा के मार्ग में फूल बिछा कर स्वागत करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा। 3. नगर कीर्तन का स्वागत करने के बाद सिखी जयकारा लगाते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।**

**जमशेदपुर।** सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी का 356 वा प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ गुरुवार को मनाया गया। टेल्को गुरुद्वारा से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया, पांच प्यारों की अगुवाई में विशाल नगर कीर्तन सजाया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, टाटा मोटर्स लिमिटेड के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, आईआर सीएसआर हेड दीपक कुमार, टाउन हेड दीपक कुमार, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महासचिव आरके सिंह, अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, इंटक नेता मनोज सिंह, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार शैलेंद्र सिंह, सीजीपीसी पांच सदस्य समिति के नरेंद्र पाल सिंह भाटिया, गुरुदयाल सिंह, दलजीत सिंह, अमरजीत सिंह, मानगो के प्रधान भगवान सिंह, साकची के प्रधान निशान सिंह, बारीडीह के प्रधान कुलविंदर सिंह, भाजपा नेता सतबीर सिंह सोमू, इंदर सिंह, दमनप्रीत सिंह, हरविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नु, सुखविंदर सिंह राजू, अकाली दल के पदधारी गुरूद्वारा दीवान में हाजिरी भरी, अरदास में शामिल हुए और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेक देश की समृद्धि खुशहाली एकता अखंडता की कामना की।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सिख गुरुओं के त्याग तपस्या समर्पण बलिदान से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिली है। देश की आजादी एवं निर्माण में सिखों की बलिदान की परंपरा को समझने का मौका गुरुद्वारा रकाब गंज गुरुद्वारा आनंदपुर साहिब गुरद्वारा फतेहगढ़ साहिब गुरुद्वारा शीशगंज गुरुद्वारा नांदेड़ साहिब में जाकर मिलता है। उन्होंने कहा कि वे निश्चित अंतराल पर गुरुद्वारों में जाकर पॉजिटिव एनर्जी प्राप्त करते हैं जिससे देश निर्माण पर अपना बेहतर समय दे सकें। उनके अनुसार प्रकाश पर्व एवं शहादत दिवस में शामिल होकर देश के बेहतर भविष्य निर्माण की प्रेरणा युवाओं को देशवासियों को अवश्य लेनी चाहिए। 'सिखी जयकारा गुंजाते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि देसी गुरुओं का ऋणी है जिन्होंने राष्ट्र प्रेम का बीजारोपण किया और उस रास्ते पर चलते हुए आज भी सिख देश की सेवा कर रहे हैं।

विधायक सरयू राय के अनुसार गुरु गोविंद सिंह जी से बड़ा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का दूसरा पर्याय नहीं हो सकता है।

टेल्को से निकाले गए नगर कीर्तन में धार्मिक स्कूल, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल के बच्चे एवं स्त्री सत्संग सभा के जत्थे एवं गटका एवं मार्शल आर्ट दर्शाते हुए जत्थे शामिल हुए। यह तार कंपनी, नीलडीह, गोलमुरी, कालीमाटी रोड होते हुए साकची गुरुद्वारा में जाकर समाप्त हुआ।

पूरे राह में रामगढ़िया सभा, खालसा क्लब जैसी विभिन्न संस्थाओं श्रद्धालुओं की ओर से नगर कीर्तन में शामिल बच्चों स्त्रियों की सेवा बिस्कुट, टॉफी, चिप्स, चाय पानी दूध की सेवा की।

## स्व कविवर गंगा प्रसाद कौशल रचित चमकौर की गढ़ी पुस्तक का वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सिखों के दसवें गुरु दशमेश पिता श्री गोविंद सिंह जी के जन्मदिवस पर निकाले गए नगर कीर्तन के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह के त्याग और बलिदान पर आधारित कविवर गंगा प्रसाद कौशल द्वारा रचित चमकौर की गढ़ी 2000 रंगीन पुस्तकों का वितरण करा कर सरदार सरदूल सिंह ने सेवा का नया इतिहास रचा है। इससे पूर्व जब से नगर कीर्तन शहर में निकाला जा रहा है तब से विभिन्न सिख संगठनों, विभिन्न धर्मों के सामाजिक संगठनों एवं जमशेदपुर के व्यवसाई और छोटे उद्योगपतियों की ओर से नगर कीर्तन में शामिल स्कूली बच्चों, महिलाओं और वयस्कों को फल-फूल, मिठाई, बिस्किट, चॉकलेट इत्यादि बांटकर व चाय, कोल्ड ड्रिंक, ठंडा इत्यादि पिलाकर सेवा दी जाती थी। यह पहली बार है जब गुरु गोविंद सिंह के जन्मदिन पर उनके जीवन के बलिदान के सच्चे इतिहास पर आधारित पुस्तक 'चमकौर की गढ़ी' का वितरण किया गया।

## हेमंत सरकार की विफलताओं के खिलाफ 12 से गांव से शहर तक आजसू का आंदोलन : सहिस

➲ **लूट और झूठ से विकास गया रूठ : कन्हैया सिंह**

■ शिक्षा स्वास्थ्य की समस्या से झारखंड की जनता जूझ रही : प्रो रविशंकर मौर्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस।**

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व जल संसाधन मंत्री एवं आजसू के वर्तमान प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने हेमंत सरकार के तीन वर्षों के कार्यकाल को वादा खिलाफी और विकास विरोधी काल बताते हुए कहा कि सरकार के खिलाफ 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी गांव से लेकर शहर तक झारखंडियों के बीच जागरुकता अभियान का आगाज करेगी। सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत करायेगी। झारखंडी जनविषयों को लेकर आजसू पार्टी गांव से लेकर शहर तक, पंच से पंचायत तक, इस राज्य के हित में व्यापक संघर्ष करेगी। श्री सहिस गुरुवार को दोपहर 1 बजे निर्मल गेस्ट हाउस में आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के तत्वावधान में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।


# भुवनेश्वरी मंदिर तट पर सरयू लगवा रहे स्वामी विवेकानंद की विशाल प्रतिमा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

➲ **प्रतिमा स्थापना के लिए चबूतरा निर्माण के काम का शुरुआत आज**

➲ **आम लोग 12 जनवरी से कर पायेंगे स्वामी जी की प्रतिमा का दर्शन**

**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित भुवनेश्वरी मंदिर और श्री कृष्ण मंदिर की तलहटी पर स्वामी विवेकानंद की ध्यान मुद्रा की प्रतिमा का अनावरण आगामी 12 जनवरी, 2022 को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया जाएगा। 12 जनवरी को देशभर में युवा दिवस मनाया जाता है। विधायक सरयू राय ने आज उस स्थल का मुआयना किया जहाँ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित की जानी है। यह प्रतिमा जनसहयोग से स्थापित की जा रही है, कारण कि विधायक निधि से प्रतिमा स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन ने निधि का आवंटन नहीं किया है। प्रासंगिक स्थल पर प्रतिमा के लए चबुतरा बनाने का कार्य कल यानी शुक्रवार की



दोपहर 12.30 बजे आरंभ किया जायेगा और स्वामी विवेकानंद की ध्यान मुद्रा की एक प्रतिमा 10 जनवरी, 2023 से पहले तैयार कर ली जायेगी।

## तरसेम सिंह को सिख सेवा रत्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा बारीडीह में गुरु गोविंद सिंह जी का 356 वां प्रकाश पर्व गुरुवार को संपन्न हो गया। अखंड पाठ के भोग के उपरांत बाबा निरंजन सिंह जी ने सारी दुनिया के भले की अरदास की और हरमीत सिंह एवं हैप्पी सिंह के जत्थे ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन पर आधारित शब्द गायन किया। महासचिव सुखविंदर सिंह जी ने गुरु गोविंद सिंह जी के आगमन एवं खालसा पंथ निर्माण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रधान तरसेम सिंह को सिख पंथ सेवा रतन के साथ ही



गुरमीत सिंह लाडी, अमरजीत सिंह भामरा, सतविंदर सिंह, सतपाल सिंह, जगबीर सिंह जग्गी, हरविंदर सिंह कैरों, जितेंद्र सिंह, बलदेव सिंह को गुरु घर की ओर से सिरोपा दिया गया। इसे सफल बनाने में कुलविंदर सिंह संदीप सिंह कुलदीप सिंह सुखबिंदर सिंह, बलविंदर सिंह, अमरपाल सिंह, सविंदर सिंह, अवतार सिंह आदि भी थे।

# रूद्राक्ष धारण करने से खुश होते हैं भगवान शिव और मां पार्वती : वृजनंदन शास्त्री

■ **सभी मंदिरों में एक दान पात्र गौ माता की सेवा के लिए रखना चाहिए : वृजनंदन शास्त्री**

■ **मानगो वसुन्धरा एस्टेट में भागवत और शिव कथा महोत्सव का चौथा दिन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच -33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्रीमद् भागवत और श्री पाशुपात्य व्रत शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन गुरूवार को वृन्दावन से पधारे कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने विश्वनाथ मल्लिका और भगवान भोलेनाथ की परम भक्त सेवंती की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि सेवंती की तरह अगर भगवान शिव पर श्रद्धा और विश्वास हो तो निश्चित ही शिव कृपा होगी। गुरुजी ने गौमाता के संरक्षण हेतु कहा कि हर मंदिर में एक दान पात्र गौ माता की सेवा के लिए रखना चाहिए।

महाराज जी ने कहा कि धर्म को बचाने के लिए धन की आवश्यकता होती है। उन्होंने सेवा को सबसे बड़ा शस्त्र बताया। कार्तिकेय भगवान गणेश से उम्र में बड़े हैं। लेकिन एक श्राप के कारण कार्तिकेय हमेशा बाल्य रूप में रहते हैं। महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से शिव पुत्र गणेश कार्तिक महिमा



**कथा वाचक वृजनंदन शास्त्री से आशीर्वाद लेने पहुंचे जमशेदपुर पूर्वी के लोकप्रिय विधायक सरयू राय व अन्य विशिष्ट जन।**

का वर्णन करते हुए कहा कि धरती में 1 मुख से 14 मुख तक के रुद्राक्ष होते हैं और सभी रुद्राक्ष अलग-अलग होते है। शिव कथा में रुद्राक्ष की महिमा का गुणगान करते हुए कथा वाचक ने आगे कहा कि ब्रह्मांड में सबसे बड़ा रुद्राक्ष है। मात्र रुद्राक्ष शब्द के उच्चारण से भाव स्पन्द उठते हैं जो अंतरात्मा को स्पर्श करते हैं और भगवान के समीप लाते हैं। हमारे शास्त्र भी रुद्राक्ष नाम का उच्चारण, उसके दर्शन, स्पर्श व धारण का महत्व बताते हैं। जनधारणा के अनुसार अगर भगवान शिव और माता पार्वती को खुश करना हो तो रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। रुद्राक्ष का अक्ष हमें रक्षा व सुरक्षा प्रदान करता है, और हमारी आध्यात्मिक यात्रा में बाधाओं का सामना करने में हमारी मदद करता है। शिव पुराण में कहा गया है कि रुद्राक्ष पहनने वाला भगवान शिव के साथ पहचान प्राप्त करता है। महाराज जी ने कथा के माध्यम से भगवान श्री शिव के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों का दर्शन कराया।

एक नजर में

## जनवादी लेखक संघ का वनभोज चार को



**जमशेदपुर।** जनवादी लेखक संघ सिंहभूम जिला कार्यकारिणी की बैठक गत रविवार भोजपुरी साहित्य परिषद, जमशेदपुर में अशोक शुभदर्शी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 29 जनवरी निराला जयंती मनाने का तय हुआ। बैठक में जलेस संवाद तथा उत्तरा प्रकाशित करने का सहमति बनी। साथ ही 4 जनवरी वनभोज का भी निर्णय लिया गया है। बैठक में श्री अरविंद विद्रोही, राजदेव सिन्हा, शैलेन्द्र अस्थाना, उदय प्रताप हयात, बरुण प्रभात, विनोद बेगाना, शैलेन्द्र दत्त पांडेय, तापस चट्टराज, अजय हंसमुख, सुजय भट्टाचार्य, देवाशीष मुखर्जी आदि ने भाग लिया।

## कोशिश ने किया नगर कीर्तन का स्वागत



**जमशेदपुर।** गुरु गोविंद सिंह जी के 356वें प्रकाश पर्व पर गुरुवार को भव्य नगर कीर्तन पूरे श्रद्धाभाव से धूमधाम के साथ निकला। टेल्को गुरुद्वारा से पंज प्यारों की अगुवाई में निकले नगर कीर्तन का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान शहर की सामाजिक संस्था कोशिश एक मुस्कान लाने की... ने नगर कीर्तन में शामिल संगत का गोलमुरी में सेवा सत्कार किया। संस्था के संरक्षक शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में सेवा शिविर लगाकर नगर कीर्तन में शामिल समूह साध संगत के बीच चिप्स, बिस्कुट, चाय एवं पानी बांटा गया। मौके पर संस्था के संरक्षक शिवशंकर सिंह ने सभी को प्रकाश की बधाई देते हुए कहा कि सर्व-वंश दानी गुरु गोविंद सिंह जी ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए जो बलिदान दिए वो सैकड़ों वर्ष बाद भी देशवासियों की प्रेरणा के अपार स्रोत हैं और सदैव रहेंगे। इस दौरान भाजपा नेता चंद्रशेखर मिश्रा, संतोष ठाकुर, राजेश सिंह बम, राजीव कुमार, रामस्वरूप सिंह, राजेश सिंह, बॉबी सिंह, गुरप्रीत सिंह, विनय तिवारी, मंटू चावला, रमन सिंह, प्रेम झा, इंदरजीत सिंह समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## 15 साल का हुआ होटल सिटी इन, 31 को कार्यक्रम




**जमशेदपुर।** पारडीह मानगो के होटल सिटी इन के 15 साल पूरे होने और कोरोना महामारी के 2 वर्ष के अंतराल के बाद इस वर्ष 31 दिसंबर को 15वीं वर्षगांठ पर होटल में जमशेदपुरवासियो के लिए रंगारंग कार्यक्रम होगा। इस रंगारंग कार्यक्रम में डांस इंडिया डांस में परफॉर्मेंस कर चुकी टीम द्वारा ग्रुप डांस का लाइव प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही साथ बच्चों और युवाओं के लिए तरह तरह के इवेंट्स और सेल्फी कॉर्नर भी बनेंगे जिसमे लोग अपनी फोटोग्राफ ले सकेंगे। संवाददाता सम्मेलन में होटल के डायरेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि एकल एवं परिवार के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जायेगी ताकि परिवार संग आये लोगों को किसी भी तरह की कोई असुविधा न हो। साथ ही सुरक्षा का भी पूरी इंतजाम किया जायेगा, जिसमें कार्यक्रम के दिन अतिरिक्त सिक्योरिटी गार्ड, टेंपररी सी सी टीवी कैमरा भी कार्यक्रम स्थल पर लगाये जायेंगे। जनरल मैनेजर जॉय अधिकारी ने बताया कि कोरोना से बचाव को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम लिमिटेड लोगों के बीच ही किया जायेगा और मास्क और सेनेटाइजेशन का पूरा ध्यान रखा जायेगा। लोगों को बैठनें के लिए टेबलों के बीच दूरी का भी ध्यान रखा जायेगा ताकि लोग निश्चिंत होकर कार्यक्रम का आनंद के सके। इस प्रेस वार्ता में फूड एंड बेवरेज के प्रबंधक राजेंद्र गोस्वामी और सुबेंधु पत्रा उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने किया सांसद से पुलिया की मांग



**पोटका।** प्रखंड के कुलडीहा आसनबनी व हाथीबिंदा पंचायत के ग्रामीणों ने सांसद से पुलिया निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विद्युतवरण महतो के नेतृत्व में गुरुवार को सांसद से उनके जमशेदपुर कार्यालय में लगे जनता दरबार कार्यक्रम में मिलकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि प्रखंड के कुलडीहा पंचायत के गोपालपुर टोला लिपिघुटू और भाटीन पंचायत के बगलासाई ग्राम के मध्य गुड़रा नदी पर एक पुलिया नहीं होने से ग्रामीणों को 6 किमी अतिरिक्त दूरी तय कर जादूगोड़ा शहर आवागमन करना पड़ रहा है। कुलडीहा, आसनबनी व हाथीबिंदा पंचायत के ग्रामीणों को वर्तमान में जादूगोड़ा यूसिल कंपनी के बराज पुलिया होकर जादूगोड़ा आना जाना पड़ रहा है। बराज उंचे वाहनों के प्रवेश निषेध हेतु बैरियर लगा दिया गया है,इसकारण इन पंचायतों में आगजनी या आपदा में बड़े वाहनों का आवागमन नहीं हो पाता है। उल्लेखित स्थान पर पुलिया बन जाने से ग्रामीणों को जादूगोड़ा आने जाने में आसानी होगी। अतः यहां एक पुलिया निर्माण शीघ्र कराया जाय। प्रतिनिधि मंडल में गणेश भकत,भूदेव भकत,जैकी माहली, राजु दास शामिल थे।

## कचहरी बाबा मंदिर में 31 दिसम्बर से भव्य रामायण पाठ 01 जनवरी को महाप्रसाद



**जमशेदपुर।** साकची पुराना कोर्ट स्थित चंद्र मौलेश्वर महादेव कचहरी बाबा मंदिर में आगामी 31दिसम्बर को भोले नाथ का जन्मदिवस महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्रीराम दूबे नें जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसम्बर के दिन चंद्र मौलेश्वर नाथ कचहरी बाबा खुद उक्त स्थान पर स्वयं प्रकट हुए थे। तब से ही प्रति वर्ष 31 दिसंबर के दिन भोले बाबा का जन्मदिवस काफी धूमधाम के साथ मनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी भक्त यहां सच्चे मन से आकर श्रद्धा पूर्वक बाबा से मनते मांगते हैं, उनकी मुराद आवश्य पूरा होती है। इस वर्ष 31 दिसम्बर को बाबा का जन्मोत्सव काफी धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारी में लोग जुटे हुए हैं।

## असुरक्षित बेटियां

गुमला, दुमका पाकुड़ से लेकर हाथरस, होशियारपुर से लेकर बल्लभगढ़ तक बेटियों के साथ क्रूरता की हदें पार करती घटनाओं ने पूरे देश को सोचने पर विवश किया है। झारखंड में बेटियों के साथ होने वाली किसी भी हैवानियत की जांच अब एसपी करेंगे। दुर्भाग्य से एसी घटना सबसे ज्यादा रांची के आसपास से ही आती है। बेटियों के साथ यौन हिंसा की घटनाओं का अंतहीन सिलसिला जारी है। सोमवार को हरियाणा के बल्लभगढ़ में बी.कॉम. अंतिम वर्ष की छात्रा के अपहरण की असफल कोशिश के बाद दिनदहाड़े हुई हत्या कानून व्यवस्था के प्रति अपराधियों के बेखौफ होने को दशार्ती है। छात्रा के अपहरण की कोशिश दो वर्ष पूर्व भी हुई थी। यदि इस मामले में सख्त कार्रवाई होती तो शायद छात्रा आज जिंदा होती। शासन-प्रशासन का संवैधानिक दायित्व बनता है कि व्यक्ति विशेष के जीवन पर आने वाले किसी भी खतरे से उसकी रक्षा की जाये। खासकर लड़कियों की शिक्षण संस्थाओं के बाहर तो सुरक्षा इंतजाम ऐसे होने चाहिए कि बेटियां सिरफिरे आशिकों से अपनी रक्षा करने में सक्षम हो सकें। हाल ही में आये एक सर्वेक्षण में इस बात का खुलासा हुआ था कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। अभिभावक अब बेटियों के परिवार में आने का स्वागत कर रहे हैं और बिना किसी भेदभाव के उनका बेहतर ढंग से भरणपोषण कर रहे हैं। लेकिन बेटियों के प्रति लगातार बढ़ रहे अपराधों से उनका उत्साह कम हो सकता है। इन आशंकाओं को दूर करना शासन-प्रशासन का दायित्व बनता है। बेटियों के खिलाफ होने वाली हिंसा को रोकने के लिये पुलिस-प्रशासन को संवेदनशील व जवाबदेह बनाने की जरूरत है। वहीं समाज को भी मंथन करना होगा कि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट होने से कैसे बचाया जाये।

## जबरदस्त कमाई

लियोनेल मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना की फाइनल में फ्रांस पर शानदार जीत से पहले ही विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कतर में खेले गए विश्वकप को सर्वश्रेष्ठ करार दे दिया था। फीफा की मुख्य भूमिका वैश्विक फुटबॉल के नियमों पर निगरानी रखना और यह सुनिश्चित करना है कि विश्व कप अपने निर्धारित समय के अनुसार संपन्न हो। इसमें वह सफल रहा और उसने अरबों डॉलर की कमाई भी की। तीसरे दिन ही लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना को सऊदी अरब के हाथों उलटफेर का सामना करना पड़ा। इसके एक दिन बाद जर्मनी को जापान ने हरा दिया और फिर ब्राजील ने अपने पहले मैच में सर्बिया को हराकर फुटबॉल प्रेमियों को खुश कर दिया। अर्जेंटीना और मोरक्को से उम्मीद से अधिक प्रशंसक कतर पहुंचे। टूर्नामेंट से पहले अनुमान लगाया गया था कि एक करोड़ 20 करोड़ पर्यटक विश्वकप के दौरान कतर पहुंचेंगे लेकिन अधिकारिक आंकड़ा अंतिम सप्ताह के लिए आठ लाख दर्शकों से कम का था। विश्वकप के अन्य मैचों में हालांकि दर्शकों की संख्या कम दिखी तथा कई सीटें खाली पड़ी रही। महंगे आवास के कारण भी दर्शक विश्वकप से दूर रहे। टूर्नामेंट के शुरू में तो खाली सीटों को भरने के लिए प्रतियोगिता के आयोजकों ने कतर के निवासियों को मुफ्त टिकट मुहैया कराई। इस सबके बावजूद रिपोर्टों के अनुसार फीफा ने कतर विश्व कप तक के चार साल के वाणिज्यिक चक्र में सात अरब 50 करोड़ डॉलर की कमाई की जो उम्मीद से अधिक थी। फीफा को अब अगले चार साल के वाणिज्यिक चक्र में 11 अरब डॉलर की कमाई की उम्मीद है। इससे फीफा के 211 सदस्य महासंघों का भी फायदा होगा क्योंकि उन्हें विश्व की सर्वोच्च फुटबॉल संस्था से अधिक धनराशि मिलेगी।

# आइएनएस मोरमुगाओ: एक प्रचंड बल



**अरुणाचल** के तवांग सेक्टर में भारत-चीन के बीच एकाएक बढ़ी तनातनी और हिन्द महासागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल के बीच भारत की समुद्री क्षमता को बढ़ावा देने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 18 दिसम्बर को मुम्बई में नौसेना डॉकयार्ड में स्वदेश निर्मित पी15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस मोरमुगाओ का जलावतरण किया गया। इस अवसर पर रक्षामंत्री ने समुद्री सुरक्षा में नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए पुराणों का भी हवाला दिया। रक्षामंत्री के मुताबिक भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन और मुम्बई के ह्यमझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेडह्न (एमडीएसएल) द्वारा तैयार किया गया यह युद्धपोत भारत में निर्मित सबसे शक्तिशाली युद्धपोत में से एक है, जो भारत की समुद्री क्षमता में बढ़ोतरी करेगा और इसके जरिये हिन्द महासागर में भारतीय नौसेना की पहुंच बढ़ेगी तथा देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और चाक-चौबंद होगी।

आईएनएस मोरमुगाओ वॉरशिप पहली बार गोवा मुक्ति दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना के दूसरे स्वदेशी विध्वंसक युद्धपोत के रूप में 19 दिसम्बर 2021 को ट्रायल के लिए समुद्र में उतारा गया था, इसी दिन गोवा के पुर्तगाली शासन से मुक्ति पाने के 60 वर्ष पूरे हुए थे। पिछले एक वर्ष से समुद्र में इस युद्धपोत का परीक्षण जारी था। जहां तक इस युद्धपोत का नाम मोरमुगाओ रखे जाने की बात है तो नौसेना में शहरों के नाम पर ही जहाजों के नाम रखने की परम्परा है और यह नाम पश्चिमी तट पर गोवा के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर के नाम पर रखा गया है। मोरमुगाओ गोवा का सबसे पुराना बंदरगाह है, जिस पर आजादी से पहले सदैव विदेशी ताकतों की नजरें गड़ी रही।

आईएनएस मोरमुगाओ भारत द्वारा निर्मित सबसे घातक युद्धपोतों में शामिल है। एंटी सबमरीन वॉरफेयर (एएसडब्ल्यू) क्षमता वाला यह युद्धपोत स्वदेशी रॉकेट और टारपीडो लांचर से लैस है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यही कि इसकी बाहरी परत को विशेष स्टील से बनाया गया है ताकि दुश्मन के रडार लाख प्रयासों के बाद भी इसे ट्रैक नहीं कर पाएं। यह युद्धपोत चार ह्यविशाखापत्तनमह्न श्रेणी के विध्वंसकों में से दूसरा है, जो परिष्कृत अत्याधुनिक हथियारों, सेंसरों, दूरसंवेदी उपकरणों, आधुनिक निगरानी रडार के अलावा सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है और हथियार प्रणालियों को लक्ष्य डेटा प्रदान करता है, जिसकी वजह से यह सदैव दुश्मन देश के जहाजों पर भारी पड़ेगा। आधुनिक रडार की मदद से इस पर बेहद खराब मौसम के दौरान भी नौसेना के हेलीकॉप्टर लैंड कर सकते हैं। 127 मिलीमीटर गन से लैस इस युद्धपोत में एके-630 एंटी मिसाइल गन सिस्टम भी लगा है। 163 मीटर लंबे, 17 मीटर चौड़े और 7400 टन वजनी आईएनएस मोरमुगाओ को 4 शक्तिशाली गैस टर्बाइन से गति मिलती है, जिनकी मदद से यह युद्धपोत 30 समुद्री मील से भी अधिक की रफ्तार से दौड़ते हुए एक ही झटके में दुश्मन का काम तमाम कर सकता है तथा परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध स्थितियों में भी दुश्मनों को धूल चटा सकता है। युद्धपोत में लगी मिसाइलें आसमान में उड़ान भरते विमान पर 70 किलोमीटर और जमीन या समुद्र पर मौजूद लक्ष्य पर 300 किलोमीटर दूर से निशाना लगाने में सक्षम हैं।



**- योगेश गोयल**

> आईएनएस मोरमुगाओ युद्धपोत को प्रोजेक्ट 15बी के तहत निर्मित किया गया है, जिसमें चार विध्वंसक युद्धपोतों का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रोजेक्ट के पहले युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम को 2021 में ही भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था और दो अन्य युद्धपोतों आईएनएस इम्फाल तथा आईएनएस सूरत का निर्माण तेज गति से अभी मझगांव डॉकयार्ड में ही हो रहा है।

भारतीय नौसेना के अनुसार मोरमुगाओ युद्धपोत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को देश में ही विकसित किया गया है, जिसमें रॉकेट लांचर, तारपीडो लांचर और एएसडब्ल्यू हेलीकॉप्टर की व्यवस्था है। इसके साथ ही इसमें एंटी सबमरीन रॉकेट लांचर भी लगे हैं। निर्देशित मिसाइल प्रणाली से लैस आईएनएस मोरमुगाओ पर ब्रह्मोस तथा बराक-8 जैसी बेहद खतरनाक और अत्याधुनिक आठ मिसाइलें लगाई जाएंगी। मोरमुगाओ पर लगे रडार सिस्टम से दुश्मन को ट्रैक किया जा सकता है और ये आधुनिक रडार दुश्मन के हथियारों की जानकारी देने में सक्षम हैं। यह युद्धपोत दुश्मन की पनडुब्बियों को ढूंढकर उन्हें तबाह करने की विलक्षण क्षमता रखता है। इस युद्धपोत के मिलने से भारतीय नौसेना की ताकत में काफी बढ़ोतरी हुई है। आईएनएस मोरमुगाओ युद्धपोत को प्रोजेक्ट 15बी के तहत निर्मित किया गया है, जिसमें चार विध्वंसक युद्धपोतों का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रोजेक्ट के पहले युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम को 2021 में ही भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था और दो अन्य युद्धपोतों आईएनएस इम्फाल तथा आईएनएस सूरत का निर्माण तेज गति से अभी मझगांव डॉकयार्ड में ही हो रहा है। प्रोजेक्ट 15बी के तहत भारत विश्वस्तरीय मिसाइल विध्वंसक तैयार कर रहा है, जिनकी गुणवत्ता अमेरिका और यूरोप के विख्यात युद्धपोत निमार्ताओं को टक्कर देती है। प्रोजेक्ट 15बी से पहले शुरू हुए प्रोजेक्ट 15ए के तहत प्रमुख रूसी प्रणालियों को स्वदेशी प्रणालियों से बदला गया था। प्रोजेक्ट 15ए के तहत आईएनएस कोलकाता, आईएनएस कोच्चि तथा आईएनएस चेन्नई अस्तित्व में आए थे।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के मुताबिक यह उपलब्धि पिछले दशक में युद्धपोत डिजाइन और निर्माण क्षमता में हमारी ओर से उठाए गए बड़े कदमों का बड़ा संकेत है। एमडीएसएल द्वारा तैयार यह युद्धपोत हमारी स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता का बड़ा उदाहरण प्रस्तुत करता है और इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले समय में हम न केवल अपनी जरूरतों के लिए बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों की जरूरतों के लिए भी ऐसे युद्धपोतों तथा अन्य रक्षा सामग्री का निर्माण करेंगे। आईएनएस मोरमुगाओ युद्धपोत की विशेषता यह है कि आत्मनिर्भर भारतह्न के तहत निर्मित किए गए इस युद्धपोत में करीब 75 फीसदी हिस्से पूर्ण रूप से स्वदेशी हैं। फिलहाल आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण के दृढ़ निश्चय के साथ 44 पोतों और पनडुब्बियों में से 42 का निर्माण भारतीय शिपयार्ड में ही किया जा रहा है। इसके अलावा 55 पोतों और पनडुब्बियों के निर्माण के लिए आदेश जारी हो चुके हैं, जिनका निर्माण भी भारतीय शिपयार्ड में ही किया जाएगा।

## खास बात

### क्यों टूट रहें है परिवार

**डॉ सत्यभान सौरव**

**आज** सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त जरूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूंढकर उनको दुरुस्त करने की भी जरूरत है। इसके लिए समाज के कर्णधार कवि/लेखकों/गायकों/नायक/नायिकाओं/शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए. खुले मंचो से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवयित्री प्रियंका सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि-टूट रहे परिवार हैं, बदल रहे मनभाव ! प्रेम जताते गैर से, अपनों से अलगाव !!

परिवार, भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। संयुक्त परिवार प्रणाली या एक विस्तारित परिवार भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण विशेषता रही है, जब तक कि शहरीकरण और पश्चिमी प्रभाव के मिश्रण ने उस संस्था को झटका देना शुरू नहीं किया। परिवार एक बुनियादी और महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था है जिसकी व्यक्तिगत और साथ ही सामूहिक नैतिकता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। परिवार सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों का पोषण और संरक्षण करता है।

यह कानून का पालन करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन देकर समाज को स्थिरता प्रदान करता है। यह व्यक्ति में सामूहिक चेतना के निर्माण में मदद करता है। परिवार प्रणाली एक एकल, शक्तिशाली किस्में है जो सदियों से है, और विविधता के साथ समृद्ध, सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है समाजीकरण में यह भावनात्मक संबंध का प्रमुख स्त्रोत है, समाजीकरण और नैतिकता को आकार देने के तरीके से सही और गलत की भावना उत्पन्न करता है। बच्चों को उनके माता-पिता, उनके साथियों और उनके समाज के सामाजिक सम्मेलनों के अनुसार नैतिक निर्णय लेने के रूप में देखा जाता है।

**झारखण्ड** सरकार विकास की राजनीति करे, विरोध की नहीं।तथ्यों पर आधारित बातें करे, अर्द्धसत्य पर नहीं।

आमदनी राज्य की कम हुई है तो केंद्र की भी। दुःख भी तो बांटना होगा?


**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

**झारखंड** की पूर्ववर्ती सरकार ने यंहा के निवासियों को नौकरी के नाम पर ठगने का किया है, पर अब यंहा का बेटा मुख्यमंत्री बना है आपकी नौकरी बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट भी जाना होगा तो मैं जाऊंगा।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**विकास** और सुशासन के मूल में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास है। दलित-पीड़ित-शोषित-वंचित, नौजवान और महिलाएं सबका विकास हो। कोई न पीछे रहे, न ही किसी से भेदभाव हो।

**–नरेन्द्र मोदी, पीएम**

## चंचल मन

### धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**मन** की माया बड़ी विचित्र है। इसके बड़े ही अलग नियम हैं। इसके खेल निराले हैं। यह इंसान को तरह तरह से भ्रमित करता है। उनमें से इसका एक नियम यह है कि जो भी चिज इसे मिल जाए उसे यह भूलने लगता है। लेकिन यह उसे जरूर याद करता है जो इससे दूर होती है और हर पल उसी के लिए रोता रहता है। मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता। यह सदैव या तो अतीत में जाता है या भविष्य की योजना बनाता है ताकि सत्ता की चाबी इसके हाथ रहे। मन इंसान को इतना व्यस्त रखता है कि वो स्वांस के बारे में चिंतन ही नहीं करने देता इसलिए हृदय में विराजमान परमानंद से दूरी रहती है। आज यदि एक इंसान के पास उसकी मेहनत और नेक कमाई का इतना पर्याप्त है कि वह अपना व परिवार के सदस्यों की जरूरत के लिए काफी है लेकिन तब भी यह मन उस इंसान को शांत नहीं रहने देता और भविष्य में ले जाकर कहना शुरू कर देता है कि और चाहिए। इस प्रकार इंसान सारा जीवन भागदौड़ करके मन के सपने पूरा करने का प्रयत्न करता है और जब सब कुछ ऐशो आराम के संसाधनों के साथ महल बंगला तैयार होता है तब वह ठीक ढंग से उसमें रहने भी नहीं पाता कि यह स्वांस उसका साथ छोड़ देता है। इसलिए सच्चे गुरु से जितना दूरी रहे उतना ही अच्छा है क्योंकि मन दूरी में सदैव दिलचस्पी लेता है। अगर आपने अभ्यास से अपने मन को नहीं साधा हो और ऐसी गुरु कृपा हो जाए कि सच्चे गुरु के बहुत नजदीक रहने का सौभाग्य मिल जाए।

### कार्टून वर्ल्ड



### लेटर टू एडिटर

#### डॉकघर में हो रजिस्ट्री

**पलामू** जिला अधिवक्ता संघ ने डाक अधीक्षक पलामू से पलिखकर कचहरी डाकघर से रजिस्ट्री कार्य बंद रहने के कारण हो रहे परेशानियों से अवगत कराया है। पोस्ट ऑफिस से डाक रजिस्ट्री बंद रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। न्यायालय से संबंधित भी रजिस्ट्री कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। इस पर सरकार ध्यान दें।

**–संतोष पाण्डेय, मेदिनीनगर**

#### कोरोना से लड़ें

कोरोना भारत में कम हो रहा है लेकिन यूरोप ऐसी खबर है कि विपक्षी पार्टियां संसद में एकजुट होकर आक्रामक रुख अपनाएंगी। सभी विपक्षी पार्टियां वैश्विक महामारी कोरोना से लड़ने में भी एकजुटता दिखाएं। अगर ऐसा होता है तो वह मानवता, देशहित व लोक कल्याण के लिए बहुत बड़ी बात होगी। वैसे दिल्ली में कोरोना बढ़ने के कारण परेशानी बढ़ी है।

**–प्रदीप दुबे, खूंटी**

# देश में मैला ढोने वालों की दुर्दशा पर कौन ध्यान देगा

### समस्या

**प्रियंका सौरभ**

देश में 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं।

और इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी समेत तमाम महापुरुषों ने समय-समय पर प्रयास किए इसके बावजूद यह व्यवस्था न सिर्फ निजी बल्कि सरकारी प्रतिष्ठानों में भी अपनी जड़ें जमाए रही। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। तब महात्मा गांधी ने 1917 में पूरा जोर देकर कहा था कि साबरमती आश्रम में रहने वाले लोग अपने शौचालय को खुद ही साफ करेंगे। इसके बाद महाराष्ट्र हरिजन सेवक संघ ने 1948 में मैला ढोने की प्रथा का विरोध किया था और उसने इसको खत्म करने की मांग की थी। तब जाकर ब्रेव-कमेटी ने 1949 में सफाई कर्मचारियों के काम करने की स्थितियों में सुधार के लिए सुझाव दिए थे। आजादी के बाद मैला ढोने की हालातों की जांच के लिए बनी एक अन्य समिति ने 1957 में सिर पर मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने का सुझाव दिया था। इतने सालों बाद भी हम देश भर में आए रोज सफाई के लिए सेप्टिक टैंक और नालियों में मानव प्रवेश के कारण हुई मौत की खबरें सुनते है। ऐसी दुखद घटनाओं को समाप्त करने के उद्देश्य से आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने गैर-सरकारी संगठनों से इसके उपयुक्त समाधान की तलाश के लिए एक प्रौद्योगिकी चुनौती शुरू की है। जिस से देश में सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई में मानव हस्तक्षेप की जगह नवीनतम तकनीकों को बढ़ावा दिया जा सके। सेप्टिक टैंकों और नालियों की सफाई करने वालों के अलावा मैला प्रथा (मैनुअल स्कैवेंजिंग) भी इस काम में लगे लोगों के लिए अभिशाप बन गई है. मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। 2015 में जारी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 18 मिलियन मैनुअल मैला ढोने वाले घर थे। अधिकांश सेप्टिक टैंक मैन्युअल रूप से भारतीय शहरों में खाली किए जाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 80प्रतिशत सीवेज क्लीनर विभिन्न संक्रामक रोगों के कारण 60 की उम्र से पहले मर जाते हैं। ये दुर्घटनाएं शहरी इलाकों में अधिक हैं और क्योंकि देश के 8000 शहरी क्षेत्र हैं और 6 लाख गांव के बड़े हिस्से में सीवेज प्लांट नहीं हैं। मैनुअल स्कैवेंजिंग मुख्य रूप से जाति व्यवस्था से दृढ़ता से जुड़ा हुआ है। इस सबसे बड़े अमानवीय पेशे को खत्म करने के लिए समाज द्वारा समर्थन का अभाव भी इसके बने रहने के पीछे एक कारण है। वैसे भी शिक्षा और मानवता का अभाव आज भारत के कई हिस्सों में गायब है। इनके बारे में एक सटीक सर्वे भी नहीं हो पा रहा है क्योंकि डेटा स्व-

# आखिर चिकित्सा क्षेत्र की उपेक्षा क्यों?

### सामयिक

**कुमार गौरव**

**नौकरियां** और व्यवसाय गंवाने वाले सभी तबके के लोग इस मुश्किल को झेल रहे हैं। लेकिन उत्तरी दिल्ली नगर निगम के तहत आने वाले बाड़ा हिंदूराव अस्पताल में वेतन पर निर्भर डॉक्टरों और अस्पताल के अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की समस्या भी इसलिए लगातार गंभीर होती गई है, क्योंकि उन्हें पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। बाजार की हालत, बेलगाम महंगाई, बढ़ते खर्च के बीच अगर तीन महीनों से किसी को वेतन नहीं मिल रहा हो तो उसकी स्थिति समझी जा सकती है।

शायद यही वजह है कि मजबूरन अस्पताल के सभी रेजीडेंट डॉक्टर पिछले करीब तेईस दिनों से हड़ताल पर हैं। विडंबना यह है कि अस्पताल प्रशासन की नजर में शायद डॉक्टरों की मांग की अहमियत बहुत ज्यादा नहीं है और वह इस पर टालमटोल का रवैया अख्तियार किए हुए है। इस अनदेखी के बीच अब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए ने भी खुल कर डॉक्टरों की हड़ताल की समर्थन किया है। इस मसले पर आइएमए ने यहां तक कहा दिया कि जिस तरह से शासन हो रहा है, उसमें कुछ गड़बड़ है और यह शासन का नया निचला स्तर है, स्वास्थ्यकर्मी और खासतौर पर डॉक्टर राष्ट्रीय संपदा हैं और वेतन रोक कर उनका अपमान करना और कुछ नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित हिंसा है!

अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस मसले पर डॉक्टरों की नाराजगी का आलम क्या है! यह स्थिति तब है जब सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन समय पर दिया जाए। सवाल है कि इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन का रुख ऐसा क्यों बना हुआ है! लगातार अभाव और जोखिम के बीच काम कर रहे डॉक्टरों पर इसका क्या असर पड़ेगा?

जब शुरूआती दिनों में कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए समूचे देश में पूर्णबंदी लागू हुई थी तब देश की सरकार के आह्वान पर समूचे देश में डॉक्टरों के प्रति लोगों ने अलग-अलग तरीकों से सम्मान जाहिर किया था। इसके बाद सरकार ने डॉक्टरों की सुरक्षा के मद्देनजर एक विशेष व्यवस्था भी की। लेकिन ऐसी पहलकदमियों के बजाय जमीनी हकीकत अगर उतनी ही सुखद नहीं है तो इसे किस तरह देखा जाएगा! इसमें कोई शक नहीं है कि देश अभी जिस संवेदनशील दौर से गुजर रहा है, इसमें कोरोना के संक्रमण से उपजी परिस्थिति ही सबसे बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करना पूरी तरह डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों के भरोसे पर निर्भर है, इसलिए उनका दायित्व भी बड़ा है। लेकिन अगर उनकी अनिवार्य आर्थिक जरूरतों की उपेक्षा की जाए तो उनके मनोबल को कब तक बनाए रखा जा सकता है!

देश में पहले ही आबादी और जरूरत के मुताबिक डॉक्टरों की भारी कमी है। डॉक्टरों के बीच से एक बड़ा तबका निजी क्षेत्र में चला जाता है। ऐसे में न्यूनतम सुविधाओं, संसाधनों और कोरोना जैसी महामारी के जोखिम के बीच अगर डॉक्टर अपनी सेवा देने को तैयार हैं तो अस्पताल प्रशासन को भी डॉक्टरों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। हर जिले में सरकारी हॉस्पीटल सह चिकित्सा कॉलेज की नीति बनाकर काम करना चाहिए। इसमें निजी भागीदारी भी सुनिश्चित हो तो सही अन्यथा इस कल्याणकारी कार्य को करना ही होगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797


*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सिद्धू कान्हू संथाल समिति ने की बैठक

**टाटीझरिया।** सिद्धू-कान्हू संथाल समिति की बैठक दूधमटिया वन परिसर में गुरूवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता अशोक किस्कू ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 5 जनवरी को दूधमटिया वन परिसर में प्रखंडस्तरीय सोहराय मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित हरिलाल मांझी, बिनोद हेंब्रम, अनिल बास्के, डेगलाल बेसरा, अनिल मूर्मू, बुधन सोरेन, छोटन टुडू, राधेश्याम हेंब्रम, किसुन मरांडी, नरेश हांसदा, अशोक बेसरा, सुरेंद्र किस्कू, साहेबराम मुर्मू, मुनुराम मुर्मू, अशोक मुर्मू, सुरेश मुर्मू, गणेश मुर्मू ने कहा कि तमाम आदिवासियों को एकजुट रहने की जरूरत है। जिससे हम सभी के अधिकार और सम्मान की रक्षा हो सके। सोहराय मिलन समारोह का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य अपने संस्कृति, परंपरा को बढ़ावा देना है।

## कार्यालय में छाया है सन्नाटा

**दारू।** प्रखंड व अंचल कार्यालय में आजकल सन्नाटा नजर आ रहा है। आम लोगो की भी आवाजाही कम हो गई है। प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मी नए साल की स्वागत की तैयारियों में लग गए है। यहां के कई कर्मी छुट्टी लेकर परिवार के साथ घूमने निकल गए है। आम दिनों की तरह ग्रामीणों की भी आवाजाही बेहद कम हो रही है। अंचलाधिकारी नीतू कुमारी आठ दिन की छुट्टी पर है साथ ही कुछ कर्मी में छुट्टी लेकर परिवार व बच्चों के साथ घूमने का मजा ले रहे है। अपना काम कराने आये कुछ ग्रामीणों का कहना था कि कर्मी अपने टेबल पर नही मिलते है लगता है अब नए वर्ष में ही सबसे भेंट होगी और उसके बाद ही उनका काम होगा।

## पुलिस ने उग्रवादी के घर चिपकाया इश्तेहार

**कटकमदाग।** कटकमदाग थाना की पुलिस ने चतरा जिले के लावालौंग थानान्तर्गत लुटु सुहावन गांव में एक उग्रवादी के घर पर आत्मसमर्पण के लिए इश्तेहार चिपकाया।
कटकमदाग थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार जवानों के साथ उग्रवादी के गांव पहुंचकर स्थानीय पुलिस की सहयोग से न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को ग्रामीण व परिजन के समक्ष चिपकाया। फरार उग्रवादी कटकमसांडी थाना, पेलावल ओ.पी. में दर्ज कांड संख्या 96/14 के प्राथमिकी अभियुक्त ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता पिता पाचु गंझू बताया गया।

## नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान मे जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन को लेकर भुरकुंडा जनता टॉकिज के सामने नुक्कड नाटक का मंचन कर लोगो को जागरूक किया गया। नुक्कड नाटक के कलाकार मेद्यनाथ महतो, विरेंद्र मानकी, किशन नायक, शिवकुमार रजक, अशोक नायक, सुनीता देवी, सुमित्रा कुमारी, आर्य कुमार ने नांटक, नागपुरी गीत और नृत्य के माध्यम से लोगो को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया। कलाकारो ने कहा कि परिवार नियोजन के लिये हम दो हमारे दो का अपनायें। उन्होने लोगो से कहा कि बेटा और बेटी मे फर्क नही करें। बेटियां काफी कारगर होती है। बेटा आवारा और शराबी हो सकता है लेकिन बेटी शराबी नही हो सकती है। बेटियां परिवार को संवारती है।

## डीएवी रजरप्पा के दो छात्र राज्य स्तर के लिए चयनित

**रजरप्पा।** विज्ञान भारती द्वारा विज्ञान प्रसार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार एवं एनसीआरटी के सहयोग से आयोजित की गई विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा 2022 में डीएवी रजरप्पा की सातवीं कक्षा का छात्र रितेश राज और नवीं का छात्र प्रतीक कुशवाहा ने सफलता का नया कीर्तिमान बनाया है। ज्ञातव्य हो कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन की परीक्षा 27 और 30 नवंबर 2022 को दो चरणों में विद्यालय स्तर पर ऑनलाइन विधि से संपन्न हुई थी। झारखंड राज्य से लगभग 4000 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रतियोगिता ने भाग लिया।

# धर्म और जाति की अफीम युवकों को चटायी जा रही है : उमाशंकर अकेला

### विधायक व कांग्रेस ओबीसी मोर्चा प्रभारी ने पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा को लेकर की प्रेसवार्ता, कहा- भारत जोड़ो यात्रा ने पार्टी संगठन में भरी है नयी ऊर्जा

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेसवार्ता के दौरान मौजूद विधायक व जनप्रतिनिधि।

**बरही।** कांग्रेस पार्टी के सौजन्य से पूरे भारत में चलाए जा रहे भारत जोड़ो यात्रा के सफल आयोजन को लेकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस झारखण्ड ओबीसी प्रदेश प्रभारी सह जॉइंट कॉर्डिनेटर प्रोफेसर रूपम यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरजीत नागवाला, सचिव दीपक गुप्ता, मीडिया प्रभारी निसार खान ने एनएच डाक बंगला में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू के नेतृत्व में सभी का स्वागत किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस झारखण्ड ओबीसी प्रदेश प्रभारी सह जॉइंट कॉर्डिनेटर प्रोफेसर रूपम यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सत्ता से दूर होने के पीछे कोई तो कारण है इन्ही कारणों को दूर करने के उद्देश्य से भारत जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी के कार्यकताओं व आम लोगों को पार्टी के उद्देश्यों से अवगत कराया जा रहा है और सम्मान दी जा रही है। सभी का सम्मान करते हुए महिलाएं भी इस अभियान से जुड़ रही है। कहा कि भाजपा लगातार लोगों में कटुता की भावना पैदा कर रही है लेकिन इसे दूर करते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारगी व नफरत मिटाने को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है।कहा कि आमजनों को धर्म की अफीम चटाकर युवकों को भाजपा के द्वारा गलत दिशा की ओर ढकेलने का प्रयास किया जा रहा है।जबकि बढ़ती महंगाई, शिक्षा, व्यापार, भ्रष्टाचार से आमजनों का ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है।जाति धर्म के बदौलत भाजपा राजनीति कर रही है।आने वाले दिनों में कांग्रेस मजबूत होगी। 2024 में पार्टी निश्चित तौर पर जीतकर आएगी और बहुमत साबित करेगी। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले देश को धर्म के नाम पर बांटा और अब जात-पात के नाम पर बांट रही है, जबकि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालकर लोगों को जोडे का काम कर रहे हैं, कोई विपक्षी नेता ऐसा नहीं जो पांच महीने सड़कों पर कन्याकुमारी से लेकर जम्मू कश्मीर तक पैदल यात्रा कर सके, यह केवल राहुल गांधी ही कर सकते हैं। पार्टी के निदेर्शानुसार भारत जोड़ो यात्रा के तहत सभी प्रखंडो में यह यात्रा का शुभारंभ किया गया है। 20 जनवरी को बरही में भारत जोड़ो यात्रा निकाली जाएगी। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, युवा नेता मनोहर यादव, रघुवीर यादव, डॉ मो राजुद्दीन, रविन्द्र गुप्ता, पप्पू ठाकुर, पंसस मो तैयब, रिजवान अली, बीरेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 15 वर्षो से पूर्व शुरू हो गया था धर्म परिवर्तन का खेल

## एक कमरे को बना दिया था चर्च, होती थी प्रार्थना


तोड़ा गया घर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** प्रखंड के दिग्वार पंचायत आदिवासी व दलित समाज के लोग बहुलता से रहते है। यह प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाका है साथ ही चारो तरफ से जंगलों से घिरा है इसलिए ईसाई मिशनरी ने इस क्षेत्र को वर्षो पहले से आसान टारगेट बना रखा है। इस क्षेत्र के चानो और दिग्वार बस्ती के दर्जनों परिवार अबतक मिसनरी के प्रभाव में आकर धर्मांतरण कर चुके है जिनमे से चानो के कुछ लोगों को एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर घर वापसी कराई गई थी। दिग्वार में 15 वर्ष पूर्व एक पुराने मकान में ईसाई मिशनरी के द्वारा बच्चों को पढ़ाने का लालच देकर अस्थाई चर्च और प्रार्थना घर बना दिया था। यहां नियुक्त फादर के द्वारा रोजाना प्रार्थना कराया जाता था जिसके बाद आसपास के लोगों की इनकी संदिग्ध कार्यशैली देखकर कमरे में तोड़फोड़ कर प्रार्थना घर को बंद कर दिया था। अब काफी वर्ष बाद ईसाई मिशनरी द्वारा फिर से महिला ग्रुप बनाकर और बच्चों की शिक्षा दिलाने के नाम पर मतांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। यहां के भोले भाले ग्रामीण बताते है कि फादर अरुण और खुद धर्म परिवर्तन कर चुके अशोक राम के द्वारा लोगों को बहका कर ईसाई धर्म मे शामिल होने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यहां बच्चों को पढ़ाने के नाम पर एक महिला आरती देवी को रखा गया है जिसे मिसनरी द्वारा 1500 रुपैये प्रतिमाह भुगतान किया जाता है।

### कुशवाहा समाज ने प्रखंड कमेटी का गठन किया

## समाज के उत्थान और मौजूद कुरीतियों को लेकर विचार-विमर्श

**8 जनवरी 2023 को कुशवाहा समाज का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन**

### राजेश कुशवाहा अध्यक्ष व सुरेंद्र कुमार बने सचिव


कुशवाहा समाज के बैठक में मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत न्यू कलोनी बरही स्थित बरसोत पंचायत के पूर्व मुखिया विष्णुधारी महतो की अध्यक्षता में उनके आवास पर कुशवाहा समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा एवं संचालन विष्णुधारी महतो ने किया। बतौर मुख्य अतिथि कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष बबलू कुशवाहा मौजूद रहे। बैठक के माध्यम से प्रखंड कमिटी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष भोला कुशवाहा, प्रखंड सचिव सुरेंद्र कुमार, प्रखंड कोषाआध्य बालेश्वर कुमार को बनाया गया। बैठक में कुशवाहा समाज की एकजुटता एवं मजबूती पर विशेष चर्चा हुई। जिसमे समाज के उत्थान, समाज में फैली बुराइयों एवं कुरूतियो को समाप्त कर समाज को सकारात्मक विचारधाराओं से जोड़ने की बात कही गई। मौजूद सभी लोगो के सहमति के बाद आगामी 8 जनवरी 2023 को कुशवाहा समाज का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर नंदलाल प्रसाद, अनिल कुमार कुशवाहा, लक्ष्मी देवी, रोहित कुमार, अभिषेक कुशवाहा, रामचंद्र प्रसाद कुशवाहा, रामकृष्ण महतो, लोचन महतो, राजेश प्रसाद, अजय कुमार, अनिल कुमार एडवोकेट, महेश कुमार, दामोदर प्रसाद वर्मा, सुखदेव कुमार, धीरेंद्र कुमार, अजीत कुमार, महेश प्रसाद, कृष्ण कुमार, राजीव कुमार महतो, राजेश कुमार वर्मा, राजेंद्र महतो, विजय प्रसाद, रामचंद्र कुशवाहा, पंकज कुमार, विनोद महतो, भीम प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, मनोज कुमार, बालेश्वर प्रसाद महतो, सुरेंद्र कुमार, बालेश्वर कुमार, शंभू कुमार, विशाल कुमार, प्रदीप कुमार कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## 12 को दिसोम सोहराय महोत्सव समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखंड के ग्राम नानो ओरिया बेला के चडरी चट्टानी में संथाल आदिवासियों का सोहराय महोत्सव विगत पांच वर्षों से मनाया जा रहा है। वर्ष 2022 में कोरोना महामारी के कारण यह महोत्सव धुमधाम से नहीं मनाया गया।केवल पूजा-अर्चना कि गई। दिसोम सोहराय महोत्सव को मानाने के लिए हजारिबाग,रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह समेत अन्य कई जिलों से हजारों संथाल आदिवासी परिवार के लोग उक्त महोत्सव को मानने के लिए यहां पर आते हैं।चडरी चट्टानी के पर्वत श्रृंखला की चोटियों से देखने पर शाम के बेला में लाइट जलने पर मरीन लैंड जैसा अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यह स्थल चरही से 25 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है।

चडरी चट्टानी पिकनिक स्पॉट के लिए भी प्रसिद्ध है।यहां पर सैलानियों की भीड़ हमेशा देखी जाती है।इस चट्टान के पहाड़ियों से हजारीबाग,दारू, झुमरा और सिलवार का अद्भुत नजारा दिखता है।साथ ही गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि पहाड़ के नीचे में एक अत्यंत पुराना गुफा भी अवस्थित है। दिसोंम सोहराय महोत्सव मानने को लेकर शनिवार को चडरी चट्टानी में भारत जकात मांझी परगना महल हजारीबाग जिला के चुरचू के तत्वधान में सोहराय महोत्सव कमेटी कि एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता लालाजी मांझी और संचालन बाबूलाल हेम्ब्रोम ने किया। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 12 जनवरी 2023 को दिसोम सोहराय महोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि दिसोम परगना बादल किस्कू व दखिन किस्कू होंगे।वहीं समारोह में समा बांधने के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम लोबा मुर्मू ग्रुप बोकारो के द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से लालजी मांझी,बाबूलाल हेम्ब्रोम,अर्जुन मुर्मू, शीतल हेम्ब्रोम,जोगेन्द्र टुडू,सोमर मुर्मू,झरी मांझी,राजू सोरेन,लालजी चोड़े,विष्णू मुर्मू,शिवलाल किस्कू, छोटन हेम्ब्रोम,अरूण मुर्मू,अनिल मांझी,जीतू मरांडी,मेहिलाल मांझी, ठेमका माँझी,दिनेश मुर्मू,सागर मुर्मू, सहित प्रखंड के लोग उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया की जयंती दिवस समारोह का आयोजन आज

**गिद्दी।** आजादी के 75 वर्ष के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया की 30 दिसंबर को 220वीं जयंती दिवस मनायी जाएगी। बेदिया विकास परिषद् ने गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया की खोज से लेकर स्थापना करते हुए राज्य व केंद्र सरकार से शहीद की मान्यता दिलाने के लिए राज्य विधानसभा में चित्र रखने तथा लोकसभा में बहस करने, शोध व मान्यता और पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतू 10 वर्षों से संघर्ष करते आ रही है।शहीद जीतराम बेदिया , टिकैत उमराव सिंह,शेख भिखारी के साथ अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ रांची-हजारीबाग रामगढ़ के जंगलों, पहाड़ों,चुटूपालू की घाटीयों में विरता पूर्ण विद्रोह की मशाले थामे हुए थे। उन्होंने देश की आजादी के खातिर, झारखंड के जल-जंगल-जमीन, धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए लड़ते-लड़ते वीर गति को प्राप्त किए, शहीद हो गए। देश की आजादी का 75 वर्ष पूरा हो रहा है। बेदिया विकास परिषद् शहीद जीतराम बेदिया सहित उन तमाम शहीदों को नमन करती है और शहीदों के दिखाए रास्ते पर चलने के लिए संकल्प लेती है।

## कराटे आत्मरक्षा का बेतहर साधन : व्यास पांडेय


प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते मुखिया व्यास पांडेय।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महात्मा गांधी उच्च विद्यालय प्रांगण में एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सफल कराटेकारों के लिए गुरूवार को सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सुंदर नगर पंचायत के मुखिया ने बच्चों को ट्रॉफी, मेडल व प्रशिस्त-पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है।

## लाभुकों को मिली योजना की लाभ राशि

खबर मन्त्र संवाददाता


वीडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल लोग।

**रामगढ़।** वर्तमान राज्य सरकार के 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन धुर्वा रांची में आयोजित कार्यक्रम में समाहरणालय रामगढ़ स्थित झारनेट कक्ष से उपायुक्त माधवी मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुई।

साथ ही राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष रामगढ़ में किया गया। इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मियों सहित अन्य उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत रामगढ़ जिले के कुल 56771 विद्यार्थियों को 12 करोड़ 77 लाख 78 हजार 500 रुपए, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 13427 बच्चियों को 5 करोड़ 38 लाख 57 हजार 500 रुपए, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 13858 लाभुकों के बीच 4 करोड़ 85 लाख 3 हजार रुपए एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कुल 439 लाभुकों के बीच 1 करोड़ 74 लाख 78 हजार 741 रुपए की लाभ राशि का डीबीटी किया गया।

एक नजर में

## शिक्षा से बेहतर कोई इल्म नही : मो क्यूम


जलसा में मौजूद उलेमा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के अलगडीहा में जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान अलगडीहा निवासी होनहार मौलाना हसमत पिता अनवर अली एवं मौलाना महताब आलम पिता अब्दुल कैयूम ने अपनी पढ़ाई कर अल्जमातुल असरफिया मुबारक आजमगढ़ उतर प्रदेश से दोनो मौलाना का डिग्री प्राप्त किया।

इस उपलक्ष्य में दस्तरबंदी हूआ जिसके खुशी में 28 दिसंबर रात्रि में जलसा कार्यक्रम किया गया। मुफ्ती मुजाहिद साहब के सदरती में जलसा का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में मुफ्ती जुबेर डाल्टन गंज, मौलाना अनवर, असगर गायवी, मुफ्ती समीर, नाथ खां शायरी में साजिद राजा शाहिद, कारी मिन्हाज हाफिज तायब, हसन रजा, जसीम अहमद आदि उपस्थित रहें।

आलोंशोर में तोसिफ मिसवाही जलसा में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक महाकल्याण समिति के विधान सभा अध्यक्ष मो कयूम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जमीरउद्दीन, सफीक उर्फ पापू खान मौजूद थे।

अल्पसंख्यक महाकल्याण समिति अध्यक्ष मो क्यूम ने इल्म बेदरी के लिए कहा की आज के दौर में शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। शिक्षा के बिना आप कुछ नही कर सकते है, इसलिए हर हाल में बच्चों को बेहतर तालीम दें। मौके पर मुख्तार अली हाजी साजिद, रियाज अंसारी, कलीम साहब आदि उपस्थित रहें।

## गणतंत्र दिवस के मौके पर राजपथ पर कदमताल करती नजर आयेंगी मेरु की संजना

खबर मन्त्र संवाददाता

अखिल भारतीय भुइयां समाज, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने किया सम्मानित

संजना को परेड में जाने के लिए बड़ी संख्या में विदा करने पहुंचे लोग


संजना कुमारी।

**दारू।** सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम मेरु निवासी सुदेश राम की सुपुत्री संजना कुमारी को 26 जनवरी 2023 को दिल्ली राजपथ पर परेड में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।यह पूरे क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड के 6 सदस्य दल जिसमे 3 युवती और 3 युवक शामिल है। सत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग की छात्रा मेरु निवासी संजना कुमारी अपने सभी पड़ाव को पार करते हुवे राजपथ पर कदम ताल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मेरु में उनके निवास स्थान पर जनप्रतिनिधियों और अखिल भारतीय भुइयां समाज के लोगों के द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है । संजना 29 दिसंबर गुरुवार को दिल्ली के लिए रवाना हुई जिसमें उसको विदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। । मौके पर बेटी रक्षा दल के हजारीबाग जिला अध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उसका हौसला बढ़ाया व उसे दिल्ली के लिए विदा किया।

## शिविर में चुने गये बच्चों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिलायेगा एनटीपीसी


पुरस्कार प्राप्त करते बच्चे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं के तहत 15 दिवसीय शीतकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का समापन सफलतापूर्वक हुआ। इस मौके पर परियोजना मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव एवं जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरस्कार से सम्मानित किया।

सीजीएम शिवम श्रीवास्तव ने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि आप कड़ी मेहनत और परिश्रम करें तभी आप सफलता की सीढ़ियों को चढ़ पाएंगे। उन्होंने बच्चों को पुनः याद दिलाया कि आपको जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर से होकर ओलंपिक तक जाना है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में सुहानी कुमारी ने प्रथम स्थान, ज्योति रानी एवं गायत्री कुमारी ने द्वितीय स्थान, रंजना और अनंत ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह तीरंदाजी प्रतियोगिता में लड़कियों की श्रेणी में सुहानी, गायत्री और सुनीता कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान वही लड़कों की कैटेगरी में गोविंद कुमार, बादल कुमार एवं राम चरण रजक पहले दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। आपको बता दें कि एनटीपीसी ने 14 से 28 दिसंबर तक तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद 12 बच्चों को आगे भी प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। बच्चों को आगे भी प्रशिक्षित कोच के माध्यम से ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। इस खुशनुमा माहौल में इन बच्चों के चेहरों पर एक नई उमंग और उत्साह बखूबी देखी जा सकती थी! आशा है ये बच्चे आगे चलकर अपने मां-बाप और देश का नाम रोशन करेंगे।

## कोन मारे माछ खोरठा गीत झरपो में हुआ रिलीज

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो चौरंगी मोड़ में कार्यक्रम आयोजित कर देवगंगा निर्देशन में निर्मित खोरठा म्यूजिक वीडियो कोन मारे माछ देवगंगा डब्लु सीरीज युट्युब चैनल पर गुरूवार को रिलीज किया गया। सिंगर देवगंगा व खोरठा गायिका लाली पटेल द्वारा गाया गया। यह खोरठा गाना का ऑडियो बहुत ही मधुर कर्णप्रिय लोक गीत श्रेणी का हैं। जो खोरठा भाषियों की पसंद के अनुरूप हैं। वीडियो में दिनेश दिवाना, दिलवाले राजा, प्रकाश राज, सुरेश ठाकुर, खुशबू रानी ने बहुत ही आकर्षक अभिनय की प्रस्तुति दी हैं। इसके अलावे फोटोग्राफर रौशन रंगीला का भी इस गाने में शानदार योगदान रहा। जो दर्शकों को अच्छा लगेगा। खूबसूरत और संभावित गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के साथ यह गाना रिलीज किया गया हैं।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा ने सीएम का पुतला फूंका



लोहरदगा। यूपीए सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर सरकार के कुशासन और असफलता के विरोध भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने जिला महामंत्री सजल कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला गुदरी हनुमान मंदिर के समीप फूंका। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह उपस्थित रहे। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि यूपी गठबंधन की सरकार तीन वर्षों में एक बंधन के रूप में काम की है पूवर्ती सरकार के सभी विकास कार्य को सिर्फ अवरुद्ध कर जनता को छलने का काम किया है। जबसे यूपीए जेएमएम एवं कांग्रेस की सरकार सत्ता पर आई है। राज्य में घटनाओं की ग्राफ 4 गुना बढ़ी है आज कोई भी समाज सुरक्षित नहीं है ।सरकार अवैध खनन में लगी है। मौके पर उपस्थित,अजय पंकज, सजल कुमार, विजय महतो,तन्मय कुमार, रेखा साहू,रोहन गुप्ता सहित अन्य शामिल थे।

### बीडीओ ने विकास को ले की बैठक

**भंडरा ।** प्रखंड के सभी विकास योजना एव पीएम आवास योजना की प्रगति को लेकर बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने प्रखंड के सभी पंचायत सचिव,जनसेवक,रोजगार सेवको व स्वयं सेवक की समीक्षा बैठक प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन कक्ष में की। इस क्रम में उन्होंने पुराने पीएम आवास व नए पीएम आवास के प्रथम व द्वितीय किश्त की राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुकों की पंचायत वार समीक्षा की। इस दौरान जीयो टैग की अद्यतन स्थिति जानकर उन्होंने करीब ढाई सौ से अधिक लापरवाह लाभुकों के विरुद्ध सफेद व लाल नोटिस जारी करने की बात कही। साथ हि उन्होंने ने सभी पंचायत सचिवालय मे आवास नही बनाने वाले लाभुकों की सूची अंकित करने की बात कही ।जनसेवक व स्वयं सेवक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि प्रति दिन सभी अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में बनाए जाने वाले आवास के प्रगति का फीड बैक संध्या पांच बजे तस्वीर के साथ देंगे मौके पर बीपीओ सुदर्शन लकड़ा,एलईओ नीता सरकार, बीपीएम विजय प्रसाद,चंद्रकिशोर भगत, पंचायत सचिव राजीव गुप्ता,जितबाहन उरांव,तिवारी भगत,रऊफ अंसारी, जई संजीत कुमार,रेहान अंसारी,सहित सभी कर्मी मौजूद थे ।

### बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी



**भंडरा ।** बिजली विभाग के द्वारा अवैध बिजली उपयोग या बिजली चोरी के खिलाफ प्रखंड क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके कारण अवैध रूप से बिजली के उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप की स्थिति है। बिजली विभाग के द्वारा किए गए कार्रवाई में घरेलू उपयोग से लेकर खेती सिंचाई करने वाले किसान भी पकड़ में आ रहे हैं। इसके तहत भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांव में बिजली विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। विभाग के कर्मियों के द्वारा बताया गया कि यह कार्रवाई अभी लगातार जारी रहेगा ।बिजली बिल के बकाया भुगतान नहीं करने वाले एवं अवैध रूप से बिजली जलाने वाले बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई करेगी। इस छापेमारी अभियान में बनारसी राम, संतोष कुमार ,कौशल किशोर राम, प्रकाश प्रजापति सहित अन्य बिजली कर्मी एवं पुलिस बल शामिल थे।

### कैरो में वालीबॉल प्रतियोगिता कल

कैरो। चाल्हो में 31 दिसंबर को एक दिवसीय नॉकआउट बॉलीबॉल प्रतियोगिता होगा, जिसमें कुल 16 टीम हिस्सा लेंगी। जिसमें विजेता टीम को दस हजार, आठ हजार नगद व शील्ड व जर्सी देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए आयोजक समिति के अध्यक्ष रिजवान अंसारी ने बताया कि खिलाड़ियों की हौशला व खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए इस बार बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें अगल बगल के कई गांव से टीम ने हिस्सा लिया है।

### 60 लाख बिल से परेशान उपभोक्ता

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग पंचायत में बिजली बिल मानक मूल्य से अधिक आने पर बीपीएल परिवारों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। ऐसा ही एक मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के डांडू पंचायत ग्राम निवासी विनय उराँव का ऊर्जा मित्र द्वारा बिल निकाला गया। जिसमें बकाया बिल 60 लाख रुपए से अधिक का निकला है। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग गांव में 14 परिवारों का भी बकाया बिल मानक मूल्य से अधिक होने की बात सामने आई है। वही प्रखंड क्षेत्र के 15 बीपीएल परिवारों का बिजली लगभग 9 करोड़ 13 लाख 78 हजार 693 रुपए बताया जा रहा है। जिसे एक एक लोगो के 60 लाख रुपए से अधिक का बिल है। जिसमें कुडू से 3 परिवार सेन्हा और लोहरदगा से 12 परिवार शामिल है। जिले के शाकिम मिरदहा, कुंती देवी, देवा उरांव,सोमे उरांव, प्रभा कुजूर,रवि महतो,पुष्पा उरांव, विनय उरांव सहित कुल 15 लोगो की आई है लाखो का बिल। इस संदर्भ में बिजली विभाग द्वारा सॉफ्टवेयर की गलती मानते हुए सुधार के लिए बिजली बोर्ड को लेटर भेज दिया गया है। खास बात तो यह है। की पूरे 60 लाख की बिल पर सरकार द्वारा उपभोक्ता को 19 लाख की सब्सिडी देकर 41 लाख रुपए बिलजी बिल भरने को कहा गया है। लेकिन बिल आते ही बिजली विभाग इसका सुधार में जुट गई और बिजली बोर्ड को सूचना देकर सॉफ्टवेयर की गलती के बारे में बताया है। उपभोक्ता विनय उरांव ने बताया बिल बकाया 60 लाख सुने हैं, तब से चिंता में है ।

### मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बने दीपक

**लोहरदगा।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक निमार्णाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार पर सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष शिवप्रसाद राजगढ़िया जी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। नए सत्र 2022- 24 के लिए सर्वसम्मति से दीपक सर्राफ ढब्बू को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष राकेश शर्मा गोपू,महामंत्री जय प्रकाश शर्मा, संयुक्त मंत्री निशांत सर्राफ,कोषाध्यक्ष निखिल सर्राफ को बनाया गया ।अध्यक्ष दीपक सर्राफ को राणी सती मंडल के अध्यक्ष शिवप्रसाद राजगढ़िया ने साफा एवं दुपट्टा पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी,एवं महामंत्री जय प्रकाश शर्मा को किशोर बंका और संयुक्त मंत्री निशांत सर्राफ को पवन पोद्दार ने साफा एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित करते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## उपायुक्त ने महिला स्वयं सहायता समूह को दिया मिनी ट्रैक्टर, कहा

# आर्थिक स्थिति करें मजबूत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



महिला को ट्रैक्टर की चाबी देते उपायुक्त सुशांत गौरव व अन्य।

**गुमला।** महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला भूमि संरक्षण कार्यालय अंतर्गत कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत जिला कृषि कार्यालय परिसर में 10 महिला स्वयं सहायता समूह को मिनी ट्रैक्टर एवं रोटावेटर का वितरण उपायुक्त सुशांत गौरव के हाथों किया गया। मिनी ट्रैक्टर एवं उसके सहायक उपकरण के वितरण के तहत भूमि संरक्षण निदेशालय रांची झारखंड के द्वारा 80 प्रतिशत अनुदान राशि उपलब्ध करवाया गया। वित्तीय वर्ष 2021-22 के तहत कुल लक्ष्य 38 महिला समूहों के विरुद्ध अब तक 20 समूहों के बीच मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया जा चुका है। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिले के महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जेएसएलपीएस की सहायता से महिलाओं के समूहों को इस प्रकार की योजना से जोड़ा जा रहा है। इस योजना से जुड़ कर महिलाएं अपने आर्थिक स्थिति को बेहतर करने की दिशा में कार्य करेगी। उपायुक्त ने कहा कि इन सभी महिलाओं को पूर्व में ही जेएमटीसी के माध्यम से मिनी ट्रैक्टर चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। जिसके तहत महिलाओं के समूहों को मिनी ट्रेक्टर दिया जा रहा है। 12 महिलाओं के महिला समूहों को एक ट्रैक्टर दिया गया। जिले के 36 महिला समूहों के आवेदन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ।जिसमें से अब तक 20 महिला समूहों के बीच मिनी ट्रैक्टर का वितरण भी किया जा चुका है ।जिला प्रशासन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है ।राज्य सरकार कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। इसके तहत कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना पर भी जोर दिया जा रहा है। राज्य की महिला कृषकों की समृद्धि और उनके आर्थिक स्वावलंबन पर सरकार का ध्यान है। 60 लाख की लागत से आज 10 एसएचजी महिला समूहों को ट्रैक्टर का वितरण 80 प्रतिशत अनुदान राशि पर दिया गया। इसके अलावा पंप सेट वितरण योजना के तहत भी 503 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 250 लाभुको को पंपसेट एवं पाइप का वितरण 90 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा चुका है। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# जंगल से भारी मात्रा में हथियार व गोली जब्त

**पुलिस ने एक देसी स्टेनगन, एक सिंगल शॉट रायफल व पांच कारतूस किये बरामद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पुलिस उपाधीक्षक अभियान के नेतृत्व में घाघरा व बिशनपुर पुलिस के द्वारा बुधवार को संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में नक्सली संगठन के द्वारा छुपाकर रखें गये एक देसी स्टेनगन रायफल, एक सिंगल शॉट देशी रायफल, चार जिंदा कारतूस व एक 12 बोर का जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ओरिया जंगल के आसपास कुछ हथियारबंद लोग जंगलों में घूम रहे हैं। मामले की छानबीन को लेकर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा चापाटोली व ओरिया क्षेत्र के जंगलों में सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान शाम करीब 5 बजे के आसपास ओरिया के पास सड़क से कुछ दूर दोमुहानी नदी के पास जंगल में छुपा कर रखें हथियार व गोली पुलिस ने बरामद किया। पुलिस उपाधीक्षक अभियान ने बताया कि हथियार माओवादियों के द्वारा छुपा कर रखने की आशंका है। अभियान में थाना प्रभारी बिशनपुर सदानंद सिंह, थाना प्रभारी घाघरा अमित चौधरी, पुअनि अंकु कुमार, पुअनि घनश्याम कुमार रवि सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### घाघरा में विहिप और दुर्गा वाहिनी का प्रशिक्षण संपन्न



**घाघरा।** सर्वेश्वरी बाल मंदिर में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग एवं मातृशक्ति प्रशिक्षण का गुरुवार की देर शाम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्कार ,शास्त्र चालन, सहित कई अन्य विषयों पर शिक्षक काजल सोनी, सुधा,संध्या आँचल, अरुणा सारंगी द्वारा प्रशिक्षण दी गई। साथ ही घाघरा प्रखंड मुख्यालय का पथ संचलन किया गया इस निमित्त सभी प्रशिक्षण प्राप्त की महिलाएं और बच्चियां सर्वेशवरी बाल मंदिर घाघरा से जुलूस की शक्ल में हाथों में भगवा झंडा लेकर प्रखण्ड मुख्यालय का भ्रमण कर पुनः प्रशिक्षण स्थल पहुची ।जहां प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन की गई। मौके पर उपस्थित लोगों में विहिप जिला महिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, मातृशक्ति जिला प्रमुख शैल सिंह, अनुराधा कश्यप, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष संजय सिंह ,सुसीत गोस्वामी ,बजरंग दल संयोजक अजय गुप्ता, निखिल कुमार गुप्ता ,अमित ठाकुर, ज्योति पांडे ,अनीता देवी, संगीता कुमारी, दीपक गुप्ता, संतोष मिश्रा ,रूपेश कुमार सिंह, राजू सिंह तोमर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सरकार के तीन साल में जन भावनाओं को लूटा गया : अनूप



**गुमला।** जिला भाजपा के अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने झारखंड सरकार के तीन सालों के कार्यकाल को जन भावना का लुटेरा करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की तीन साल की उपलब्धि सिर्फ झूठ, राज्य वासियों को धोखा, भ्रष्टाचार पर केंद्रित रह गई है। राज्य में परिवारवाद का नया चेहरा उजागर हुआ है। केवल राजनीतिक भागीदारी में नहीं, बल्कि लूट में ही परिवारवाद शामिल है। तीन सालों में राज्य में हत्या-5258, बलात्कार-4813, महिला उत्पीड़न, पूजा सिंघल कांड,आदिवासी बहु- बेटियों का उत्पीड़न,तुष्टीकरण में राज्य अव्व्ल हो गया है । 5 लाख नौकरी का झूठा वादा कर 3 साल में मात्र 357 नौकरी देने वाली सरकार, रोजगारी भत्ता देने में भी असमर्थ है। सरकार युवाओं को अंडा मुर्गी पालने और ठेला लगाने का सलाह दे रही है। हद तो तब हो जाती है जब केंद्र के द्वारा संचालित आयुष्मान योजना में उदासीनता और लापरवाही के कारण प्रदेश में इस योजना पर ग्रहण लगता जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा राज्य सरकार को भी अपनी योजनाओं का लाभ कितने राज्यवासियों को मिला,उसका आंकड़ा सरकार को बताना चाहिए। जिला अध्यक्ष ने कहा गुमला जिला की स्थिति और अधिक भयावह है। पलायन, मानव तस्करी, गौ तस्करी में काफी बढ़ोतरी हुआ है। जिले में विकास कार्य ठप हो गया है।

# जनादेश का हुआ अपमान : आजसू

**यूपीए सरकार के 3 साल के कार्यकाल में नौकरी, रोजगार भत्ता दिखावा : दिलीप साहू**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गुमला। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गुरुवार को सरकार के तीन साल के कार्यकाल को जन भावना व जनादेश कहां मान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के तीन साल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा झारखंड के युवाओं के साथ विश्वासघात किया गया। नियोजन नीति, रोजगार, बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवा ठगे गये ।मुख्यमंत्री ने एक साल में 5 लाख नौकरियां देने के वादे किए थे, लेकिन 3 साल में महज साढ़े पांच सौ नियुक्तियां हुई हैं। स्थानीय नीति को नियोजन का आधार क्यों नहीं बनाया गया। आजसू पार्टी ने शुरू से इस विषय पर अपनी आवाज मुखर की। स्थानीय नीति, आरक्षण नियोजन को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट मंशा नहीं है इसलिए ये चीजें उलझाने का रास्ता प्रशस्त करती रही है। दिलीप नाथ साहू ने कहा कि सरकार के 3 साल के कार्यकाल अपराध चरम पर है। महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। किसानों के हितों को लेकर कोई सार्थक पहल नहीं हुई। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष तुलसी साहू, सानू कुमार, शशि रंजन, विकास अग्रवाल उपस्थित थे ।

### जनता की समस्या से अवगत हुए विधायक



**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री योजना- सह - वित्त विभाग, वणिज्यकर विभाग, एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार डॉ रामेश्वर उरांव अपने विधायक कार्यालय बरवाटोली लोहरदगा में विधानसभा के आम जनता एवं कांग्रेस कार्यकताओं से रूबरू हुए। इस मौके पर आम जनता एवं कांग्रेसी कार्यकताओं ने मंत्री से अपनी बात आवेदन के माध्यम से अवगत कराते हुए निदान की मांग की। इस मौके पर मुख्य रूप से जो भी समस्या आम जनता एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता के द्वारा रखी गई सभी समस्या के निदान प्राथमिकता के आधार पर करने कि बात कही। डॉ उरांव ने कहा कि जो भी समस्याएं आती है उसे बेझिझक विधायक कार्यालय में आवेदन एवं मौखिक रूप से समस्या रखे सभी का निदान करना हमारी प्राथमिकता है।

### सेन्हा में साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी

सेन्हा-लोहरदगा ।मोटरसाइकिल चोरी का सिलसिला का ग्राफ सेन्हा थाना क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। वहीं प्रशासन घटना का उतभेदन करने में नाकाम साबित हो रही है। जानकारी के अनुसार बता दें कि प्रखंड परिसर से 24 दिसम्बर को बाइक चोरी घटना को अज्ञात चोर द्वारा अंजाम दिया गया था। वहीं दूसरा घटना रानीगंज साप्ताहिक बाजार से अज्ञात चोरों ने फिर मोटरसाइकिल चोरी की।। अलौदी पंचायत के रानीगंज साप्ताहिक बाजार से बुधवार को अज्ञात चोरों ने खड़ी मोटसाइकिल को चोरी कर फरार हो गये। चरहु निवासी लक्ष्मण साहू के पुत्र श्रावण साहू ने बताया कि बुधवार को अपने मोटरसाइकिल जे एच 08बी 3285 से रानीगंज साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने गया था।

# गणतंत्र दिवस परेड में दीक्षा का चयन

**सेन्हा प्रखंड के उगरा निवासी प्रदीप सिंह और किरण सिंह की पुत्री दीक्षा के चयन से गांव में खुशी की लहर**

**खबर मंत्र संवाददाता**



सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड की बेटी का चयन 26 जनवरी को परेड के लिए हुआ है। प्रखंड क्षेत्र के उगरा ग्राम निवासी प्रदीप सिंह और किरण सिंह की पुत्री दीक्षा कुमारी के चयन से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। 26 जनवरी को कर्तव्य पथ में परेड के लिए दीक्षा कुमारी का नाम आते ही वह खुशी से फूली न समाई और अपने माता पिता के साथ गुरु का आभार प्रकट किया। बताया जाता है कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित परेड शिविर 2023 में 26 जनवरी को नई दिल्ली में झारखंड से एक दल परेड के लिए चयन हुआ है। जिसमें सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत ग्राम निवासी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह और किरण सिंह की पुत्री दीक्षा कुमारी का चयन किया गया है। आगामी 26 जनवरी को नई दिल्ली में परेड में पुत्री के चयन पर मात पिता सहित परिवार के लोगो में हर्ष है ।वहीं दीक्षा कुमारी ने जानकारी देते हुए कहा कि रांची वीमेंस कॉलेज की छात्रा हूँ। 30 दिसम्बर को दिल्ली के लिए परेड दल के साथ होंगे। 1जनवरी से 31जनवरी तक आयोजित कार्यक्रम में देश के प्रति समर्पित हो अपने कर्तव्य का पालन करूंगी।

## एक नजर में

### चैनपुर में बाइक से गिरकर युवक घायल



चैनपुर। बस स्टैंड के समीप मोटरसाइकिल से गिर कर चैनपुर निवासी युवक सागर रजक उम्र 22 वर्ष पिता स्व इंद्रजीत रजक गंभीर रूप घायल हो गया। जिससे उसके पैर एवं सिर में गंभीर चोटे आई है। इधर घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना के ए एस आई मदन शर्मा अपने दल बल के साथ पंहुच कर अपने वाहन से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। इधर प्रत्यक्षदशीयी ने बताया कि युवक मोटरसाइकिल लेकर तेज रफ्तार से प्रेमनगर की ओर जा रहा था। तभी बस स्टैंड से कुछ दूर जाकर गिर पड़ा।

### डुमरी में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी

**गुमला।** बिजली विभाग के द्वारा अवैध बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी को लेकर टीम का गठन किया गया था। इस टीम में कनीय अभियंता अज्जू कच्छप, कनीय अभियंता राकेश कुमार, रामेश्वर साहू, प्रदीप विश्वकर्मा, रामराज साहू, मोहम्मद शाहबाज आलम, फिरदोस आलम, रोहित एक्का व अजय उरांव शामिल थे। टीम ने प्रखंड के नावाडीह चौक में सबसे पहले छापामारी अभियान चलाया। नावाडीह चौक निवासी विजय केसरी के घर में छापामारी की। जिसमें पाया गया है कि विजय केसरी अपने घरेलू कनेक्शन से प्रज्ञा केंद्र संचालित कर रहा था। टीम के द्वारा ताल को जब्त करते हुए उस पर 10000 का जुर्माना ठोका गया। इसी तरह नावाडीह चौक मदन प्रसाद व केसरी शैलेश प्रसाद केसरी के घर में छापामारी की गई तो उनके घर में भी बिजली चोरी करते पकड़ा गया। टीम ने इन पर भी दसका जुर्माना लगाया। उसके बाद प्रखंड के बेलटोली निवासी मोहम्मद कलीमुद्दीन, बेलटोली के ही चिंतामणि साव, अनिल भगत एवं नवाडीह के सुनील कुमार के घर पर छापामारी की तो इन लोगों के द्वारा भी अवैध बिजली चोरी का मामला सामने आया। इनके खिलाफ भी जुमार्ना लगाया गया। 11 लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए। जिनके खिलाफ कुल 106000 का जुमार्ना लगाया गया।

### युवा कांग्रेस ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**सिसई।** कांग्रेस पार्टी के138 वां स्थापना दिवस पर गुमला जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में कोलकाता में आयोजित सेकेंड फेडरेशन कबड्डी गोल्ड कप विजेता झारखंड टीम के कप्तान सलोनी कुमारी टीम में शामिल रिया कुमारी, विनीता कुमारी, सुमन कुमारी और युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकताओं को माला पहनाकर सम्मानित किया। साथी ही डे बोर्डिंग सिसई के खिलाडियों को दो सेट जर्सी का प्रदान किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अरविंद साहू, सिसई विधानसभा अध्यक्ष सह उप प्रमुख नीलेश उरांव, प्रमुख मीना देवी,राजब अंसारी, बसंत उरांव, अजमत अली, खजबुल खान, दीपक कुमार,बीरबल लोहरा, कमल उरांव, सहित लोग उपस्थित थे।

### डीएसपी ने किया अपने शिक्षक का स्वागत



घाघरा। द पैनिनी आईएस एकेडमी हजारीबाग के डाइरेक्टर डॉ प्रकाश कुमार और उनके टीम का घाघरा थाना में डीएसपी प्रदीप प्राणव, सीओ प्रणव ऋतुराज, समाज सेवी अनिरुद्ध चौबे व थाना के पदाधिकारियों ने स्वगत किया ।इस मौके पर एकेडमी के 40 छात्र छात्रा उपस्थित थे। जो दो दिवसीय नेतरहाट भ्रमण के लिए आए थे। मौके पर डीएसपी प्रदीप प्रणव ने कहा कि गुरु का सम्मान सर्वोपरि है??। बिना गुरु के जीवन अंधकार में है। आज मैं जिस जगह पर हूं वह गुरु मुख से मिले मार्गदर्शन के कारण संभव हो पाया है। मुझे जानकारी मिली कि वे 2 दिन नेतरहाट दौरे के क्रम में छात्रों को लेकर घूमने के लिए आए हैं। डीएसपी ने कहा कि छात्र गुरु का सम्मान करें और गुरु से हमेशा सीखने की जरूरत है। मौके पर शिक्षक साधना चौधरी, प्रदीप यादव ,अनुज कुमार, गुलशन टाइगर, तराना परवीन, अनिरुद्ध चौबे, भीम प्रसाद ,एसआई सूरज रजक, सुशील टोप्पो,सादाबाद शेखर,सुमन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जनगणना कॉलम में लागू हो सरना कोड



**घाघरा।** सरना खोड़हा पहान प्रखण्ड कमेटी घाघरा के सदस्यों ने गुरुवार को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप को राज्यपाल के नाम चार सूत्री ज्ञापन सौंपकर कई मांगे रखी । जनगणना कॉलम में सरना कोड लागू करे केंद्र सरकार। हाथों में तख्ती लेकर नारे लगाते हुए घाघरा झखरा कुम्बा से जुलूस के शक्ल में प्रखण्ड कार्यालय परिसर पहुंचें। जहां बीडीओ को मांग पत्र सौंपे। ज्ञापन के माध्यम से पांचवी अनुसूची क्षेत्र में निवासरत आदिवासियों की सुरक्षा की मांग की गई। मौके पर पहान पुजार में बुधराम पहान, प्रेमचंद्र उराव, बिहारी मुंडा, कार्तिक टाना भगत सहित सभी गांव के पहान,पूजार और महतो शामिल थे।

### एसपी ने किया दो थानों का निरीक्षण



गुमला। पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिव ने गुरुवार को गुमला एससी व एसटी थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक, गुमला अंचल, थाना प्रभारी, गुमला, थाना प्रभारी एससी-एसटी तथा महिला थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में सभी पंजियों का अवलोकन किया गया तथा लंबित कांडों की समीक्षा की गई। लंबित कांडों का निष्पादन करने एवं लंबित मुआवजा का वितरण तथा अद्यतन करने के के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश एसपी ने दिया?। साथ ही मुआवजा का वितरण संबंधी कार्यालय से संपर्क स्थापित कर अद्यतन करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही गवाहों को उनकी सुरक्षा तथा सुविधा देने हेतु प्रोत्साहन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। अहतु थाना प्रभारी को सप्ताह में तीन दिन थाना स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। गुमला थाना परिसर में महिला थाना, अहतु थाना एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय हेतु निमार्णाधीन भवनों का भी निरीक्षण किया गया।

### सड़क हादसे में एफसीआइ कर्मी हुआ घायल

गुमला। चैनपुर प्रखंड के बस स्टैंड में सागर रजक नामक युवक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घायल हो गया। घटना गुरुवार दोपहर दो बजे की है। सागर एफसीआई गोदाम में लेबर का काम कर खाना खाने के लिए पैदल घर जा रहा था। इसी क्रम में पीछे से एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसके बाद सागर गिरकर बेहोश हो गया। आसपास के लोगो की मदद से इलाज के लिए सीएचसी चैनपुर लाया गया । जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया ।जहां चिकित्सक ने बताया कि दाहिना पैर टूटने व सिर पर गंभीर चोट आने से स्थिति गम्भीर बनी हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बाइक सवार ने पिलर को मारी टक्कर, हुआ घायल

गुमला । बाइक सवार युवक ने खाटवा नदी पुल के पिलर को गुरुवार को टक्कर मार दी और गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कोहीपाट जामटोली निवासी दामोदर साहू का 20 वर्षीय पुत्र दीपक साहू किसी काम को लेकर गुमला बाइक से आया हुआ था ।जहां वापसी के क्रम में खटवा पुल के पिलर को टक्कर मारते हुए गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस गुमला सदर अस्पताल भेजा गया।

# डीसी के आदेश को धत्ता बता व नियमों को ताक पर रखकर की जा रही है स्वेटर की आपूर्ति

**प्रत्येक केंद्र में करना है स्वेटर की आपूर्ति, लेकिन नहीं किया जा रहा है नियमों को पूरा, आपूर्तिकर्ता, बिचौलिया व विभागीय कर्मियों के बीच नजर आ रही संलिप्ता**

### आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका में रोष

आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका को केंद्र का संचालन करने के साथ प्रखंड मुख्यालय से सेंटर तक स्वेटर ले जाने को कहा जा रहा है, सेविका व सहायिका घंटों लाईन में कार्यालय से स्वेटर लेते व अधिकारियों को कोसते देखे जा रहे हैं। मामले को लेकर डीसी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

### प्रखंड कार्यालय से माथे पर स्वेटर लेकर आंगनबाड़ी केंद्र तक जा रही हैं सेविका



परियोजना कार्यालय से स्वेटर ले जातीं सेविका, माथे पर स्वेटर लेकर जातीं सेविका व सहायिका।

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** सरकार का उदेश्य है कि सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही समय पर योग्य लाभुको व बच्चों तक पहुंचे लेकिन समाज कल्याण विभाग लातेहार व आपूर्तिकर्ता के मनमानी के कारण इस पर ग्रहण लगता नजर आ रहा है। पड़ रही कड़ाके की ठंड में किसी गरीब बच्चे को ठिठुरना न पड़े इस उदेश्य से राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो में आने वाले प्रत्येक बच्चे-बच्चियों के लिए दो-दो स्वेटर दिया गया है। लेकिन आपूर्तिकर्ता की मनमानी व विभागीय लापरवाही के कारण ज्यादातर केन्द्रो में अब तक स्वेटर हीं नहीं पहुंच पाया है। जिस कारण बच्चे ठंड में ठिठुरते देखे जा रहे हैं। सरकार के द्वारा आपूर्ति कर्ता को प्रत्येक केन्द्र में स्वेटर की आपूर्ति करने का निर्देश दिया था, लेकिन आपूर्तिकर्ता के द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ मिली भगत कर स्वेटर की आपूर्ति प्रखंड स्तर पर कर दी गयी है। जिस कारण दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं को केन्द्र तक स्वेटर ले जाने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। कई सेविका सहायिक किसी प्रकार माथे में स्वेटर केन्द्र तक ले जाते देखे जा रहें है जिस कारण उनमें रोष देखा जा रहा है, लेकिन विभागीय अधिकारियों के दबाव व डर में कुछ भी बोलने से बचते देखे जा रहे हैं। बता दें कि आपूर्ति को लेकर उपायुक्त द्वारा जारी किये निर्देश में साफ तौर पर यह कहा गया है कि स्वेटर की आपूर्ति जिले के सभी 962 आंगनबाड़ी केन्द्रों में करना होगा, निविदाता को आपूर्ति आदेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर केन्द्र तक स्वेटर की आपूर्ति नमुना के अनुरूप करने की बात कही गयी है। नियम को पुरा नहीं करने की स्थिति में अग्रधन राशि को जब्त कर काली सूची में नाम दर्ज करने की बात उलेखित है, बावजूद इसके आदेश व नियमो को ताक पर रखकर कार्य किया गया है। न हीं सही समय पर आपूर्ति की गयी है और न हीं केन्द्र तक स्वेटर को पहुंचाया गया है।

**क्या कहते है आपूर्तिकर्ता :** आपूर्ति कर्ता मेसर्स कमला स्टोर के प्रो. केदार गुप्ता ने कहा कि हमे ब्लॉक तक सप्लाई करने को कहा गया था, उपायुक्त के द्वारा जारी दिशा निर्देश की जानकारी नहीं है।

**क्या कहते है जिला समाज कल्याण पदाधिकारी :** मामले को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो वह कुछ भी बोलने से साफ तौर पर बचती नजर आयी। उनका कहना था कि कार्यालय आईये तभी बात करेंगे।

### क्या कहती हैं मंत्री जोबा मांझी

मामले को लेकर संपर्क करने पर विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से संपर्क किया गया तो उन्होने कहा कि मामला क्या है इसकी जानकारी लुंगी, इसके बाद हीं स्पष्ट रूप से कुछ बता पाउंगी।

## एक नजर में

### पीट-पीटकर पति ने कर दी पत्नी की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई पंचायत के सैदूप ग्राम अंतर्गत उरांव टोला निवासी कैलाश सिंह ने अपनी पत्नी सूरजमनिया देवी 42 की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना 29 दिसंबर दिन बुधवार की है। घटना की जानकारी मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की। वहीं महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना की जानकारी देते हुए बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि आरोपी कैलाश सिंह पलामू जिले में मजदूरी का काम करता था। बुधवार को जब वह अपने घर पहुंचा तो देखा की उसकी पत्नी घर पर नहीं है। आसपास के लोगों से पूछा तो लोगों ने बताया कि तुम्हारी पत्नी सात- आठ दिनों से बाहर चली गई है, इस पर वह भड़क गया इसके बाद पत्नी के घर आने के बाद पूछताछ के क्रम में झगड़ा हो गया और विवाद इतना बढ़ा कि पति ने बांस के डंडा से पीट पीट कर पत्नी को घायल कर दिया और इलाज के अभाव में उसकी मृत्यु हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले के संबंध में बरवाडीह थाना कांड संख्या 117/2022 धारा 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कारवाई में जुट गई है। वहीं आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है, जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**बारियातू।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मे जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान मे महिला पुरुषों को निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन प्रशिक्षित चिकित्सक अनुज कुमार पाठक द्वारा गुरुवार को किया गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन के सम्बंध मे जानकारी देते हुए ट्रस्ट के संचालक वंदना तिवारी व कर्मी कुमार सोनी, सिद्धांत कुमार, अयूब ने बताया कि साठ महिला पुरुषों का ऑपरेशन आधुनिक तरीके से करते हुए लेंस प्रत्यारोपण किया जाना है। समाचार लिखे जाने तक तीस महिला पुरुषों का ऑपरेशन किया जा चुका था।क्षेत्रवासियों को आंख में किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो ससमय चिकित्सक से दिखाए एवं मोतियाबिंद होने पर ऑपरेशन करवाने की अपील किया। इधर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी व उप प्रमुख निशा शाहदेव ने ऑपरेशन कराने आये महिला पुरुषों के बीच मास्क का वितरण किया। मौके पर ऑपरेशन शिविर को सफल बनाने में नमिता, कविता, अजीत, साहिल, सुधीर कुमार रवि, छोटू खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।

### पेड़ से गिरकर एक की मौत

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के गोनिया पंचायत के मुरैन टोला में गुरुवार को पेड़ से गिरने के कारण अमन गंझु 20 वर्ष पिता खैटु गंझु की मौत हो गई। परिजनों द्वारा ने बताया कि अमन गंझु जंगल में सखुआ के पेड़ में चढ़कर बकरी को खाने के लिए पत्ता तोड़ रहा था। इसी बीच असंतुलित होकर पेड़ से गिर गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल अवस्था में अमन गंझु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ सुरेश राम द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वही घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### 6 क्विंटल स्क्रैप के साथ दो धराये

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष अभियान चलाकर गुरुवार की अहले सुबह टोरी रेलवे क्रोसिंग के समीप एक मारुति ओमनी जेएच 09ए/7982 में लोड लगभग 6 क्विंटल चोरी के स्क्रैप के साथ दो तस्कर जमहिर अंसारी पिता वजीर अंसारी अम्बाटोली किस्को व आलम अंसारी पिता साकिर अंसारी सुंदरू कुडू को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने स्क्रैप वाहन की रेकी कर रहे बोलेरो जेएच 03एम/3303 को भी पकड़ने में सफल रही व बोलेरो को जब्त कर लिया गया। वहीं गिरफ्तार दोनो स्क्रैप चोरों को अग्रतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा लातेहार भेज दिया है। बताया जाता है कि चकला प्लांट से उक्त स्क्रैप को चोरी कर ले जाया जा रहा है था, जिसकी भनक पुलिस को लग गयी। जिसके बाद पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर पकड़ लिया। पुलिस निरीक्षण सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि किसी भी कीमत पर इस प्रकार के अवैध धंधे को फलने फूलने नहीं दिया जाएगा, जो भी लोग इस प्रकार के धंधे में संलिप्त है उनके खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 155/22 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पांच युवाओं को जीएम केके सिन्हा द्वारा दिया गया एचएमवी लाइसेंस




लाइसेंस देते जीएम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सिसीएल द्वारा संचालित मगध संघमित्रा के सीएसआर योजना के तहत गुरुवार को पांच युवाओ को एचएमवी लाइसेंस दिया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुये दिग्विजय कुमार (नोडल ऑफिसर/सीएसआर) ने बताया कि जिन युवाओ ने लातेहार में चालीस दिनों का ट्रेनिंग लिया, उन्हें मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक के के सिन्हा के द्वारा एच एम वी लाइसेंस दिया गया। लाइसेंस प्राप्त करने वाले युवाओं में दिगंबर प्रसाद,नारायण कुमार,इश्वरी कुमार साव, राकेश कुमार साव सभी (ग्राम कोयद), बासे उरांव (ग्राम लारंगा) का नाम शामिल है। वहीं लोगों को संबोधित करते हुये जीएम केके सिन्हा ने कहा कि सीसीएल के इस पहल से इस युवाओ को रोजगार के अवसर मिलेंगे, साथ में प्रशिक्षित ड्राइवर होने से रोड दुर्घटनाओ में कमी आयेगी। वही क्षेत्र के अन्य युवाओ ने जिन्होंने ट्रेनिंग ले ली है उन्हें भी बहुत जल्द लाइसेंस मुहैया कराया जायेगा। साथ ही उन्होंने सी एस आर के तहत मिल रहे अवसर को अधिक से अधिक लाभ लेने क आग्रह किया। इस मौके पर मगध संघमित्रा क्षेत्र के संजय कुमार झा जीएम (ऑपरेशन), अनुज कुमार (स्टाफ ऑफिसर/पी. एंड पी.), नलिन चंद (स्टाफ ऑफिसर/इ एंड एम), नागा स्वामी (वरिष्ट प्रबंधक), शम्बू नाथ (स्टाफ ऑफिसर/सेफ्टी), सुनील भास्कर (स्टाफ ऑफिसर/सिविल), दिग्विजय कुमार (नोडल ऑफिसर/सी एस आर) समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### बरवाडीह पुलिस ने अवैध चिप्स लदे एक हाइवा और ट्रैक्टर को किया जब्त

# जारी रहेगा छापामारी अभियान : श्रीनिवास सिंह

### लगातार पुलिसिया कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप



जब्त ट्रेक्टर और हाइवा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** अवैध खनन और परिवहन पर लगाम लगाने के लिए बरवाडीह प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा और अंचलाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने छापामारी करते हुए बरवाडीह - कुटमू मुख्य मार्ग पर मुगीर्डीह पुलिस पिकेट के पास से बिना संबधित कागजात के अवैध चिप्स लदे एक ट्रेक्टर को जप्त किया है। वहीं इसके पूर्व मंगलवार को बरवाडीह - डालटंगनज मुख्य मार्ग पर केचकी चेकनाका के पास से अवैध चिप्स लदा एक हाइवा को भी जप्त किया था। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी श्री निवास सिंह ने बताया कि जप्त किया गया ट्रेक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 एक्स 7809 है, यह बरवाडीह के क्रशर संचालक भीम प्रसाद का है। पूछताछ के दौरान ड्राइवर के द्वारा छरी से संबधित कोई भी कागजी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं जप्त हाइवा का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 034 जे- 2760 है, जो पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र निवासी अश्विनी कुमार सिंह का है। इसका भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है। बता दें कि पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कारवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव और खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि अवैध कारोबारियों के खिलाफ कठोर कारवाई करें। अवैध खनन और परिवहन की सूचना यदि कहीं से मिलती है तो संबंधित स्थान पर छापेमारी करने ने कोताही न बरतें। बहरहाल मामले में फिलहाल ट्रेक्टर मालिक या ड्राइवर किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि वरीय अधिकारी के निर्देश पर प्रखण्ड क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जब्त दोनों वाहनों को आवश्यक कारवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी लातेहार को सूचित कर दिया गया है।

### छापेमारी में मिले समानों से कई बड़े राज उजागर होने की संभावना

**महुआडांड़।** महुआडांड स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान में बुधबार को लातेहार उत्पाद विभाग के अधीक्षक प्रदीप सिन्हा के द्वारा की गई। छापेमारी में दूकान से कई अवाञ्छित समान यथा शराब मे चिपकाये जाने वाले स्टीकर, खाली शराब की बोतल एवं कुछ बोतल शराब भी आदि मिली थी। जिसे उत्पाद अधीक्षक प्रदीप सिन्हा के द्वारा जब्त करते हुए जांच के लिए लातेहार ले जाया गया है। साथ ही पुछताछ के लिए दूकान में काम करने वाले सेल्समैन को भी ले जाया गया है। लोगों को आशंका है कि छापेमारी के दरम्यान मिले अवाञ्छित समानो का उपयोग कहीं नकली शराब बनाने में तो उपयोग नही किया जाता था?

## जमीरा पंचायत सचिवालय में बालसभा की बैठक संपन्न

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत स्थित पंचायत सचिवालय सभागार में गुरुवार को पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों व सेविका-सहायिकाओं व सहियाओं के बीच बाल सभा का आयोजन किया गया। बाल सभा में बतौर मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी, झमुमो जिला उपाध्यक्ष सह जमीरा ग्राम प्रधान सितमोहन मुंडा मौजूद थे। बालसभा को संबोधित करते हुए मुखिया दुर्गावती देवी व सितमोहन मुंडा ने बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान ध्यान देने की बात सहिया व आंगनबाड़ी सेविकाओं से कही। इन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा की नींव मजबूत हो, इसमें आप सभी सहिया, सेविका व सहायिकाओं की अहम जिम्मेदारी बनती है। इसलिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शहर में निकाली युवा आक्रोश रैली



रैली में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश के निदेर्शानुसार गुरूवार को युवा आक्रोश रैली निकली गई। जो लातेहार थाना चौक कारगिल पार्क से मेन रोड होते हुए हेमंत सरकार के विरोध में नारा लगाते हुए समाहरणालय तक पहुंची। जिसका नेतृत्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष सिंह चोरा, जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने किया। वहीं आशुतोष चेरों ने संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार जो युवाओं के साथ छलने का काम किया। नियोजन नीति लागू नहीं करने से युवाओं को नौकरी नहीं मिल रहा। एक से एक लुभावना वादा करके सत्ता में तो पहुंच गये। मगर युवाओं को कुछ नहीं मिला। आदिवासियों के साथ भी छलने का काम किया। इस दौरान छोटू राजा ने कहा कि हेमंत सरकार सरकार गरीबों को भी राशन नहीं दे पा रही। वहीं मनिका विधानसभा के रघु पाल सिंह, नरेश पाठक, महामंत्री सूरज साह, अश्विनी सिंह, नगर अध्यक्ष कूमार सागर ने लोगों को संबोधित किया।

### हेरहंज सांसद प्रतिनिधि ने चतरा सांसद को लिखा पत्र

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों मे पहुँच पथ निर्माण को लेकर हेरहंज सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह को पत्र भेजकर हेरहंज प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाको मे सड़क की समस्या को लेकर अवगत कराया है। और कहा है की गांव से मुख्यालय तक पहुँच पथ का निर्माण हो जाने से गांव के लोगो को विकास होगा और योजनाओ से वंचित नही रहना पड़ेगा। लातेहार जिले का हेरहंज प्रखंड अति पिछड़ा प्रखंड है। यहां कई ग्रामीण क्षेत्रो से मुख्यालय तक पहुँच पथ की सुविधा नही रहने के कारण ग्रामीण कई विकास योजनाओ से वंचित है। सांसद प्रतिनिधि ने प्रखंड के 06 महत्वपूर्ण सड़को के निर्माण हेतु पत्र दिया है। जिसमे प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कराने की मांग की है। कहा है की सभी गांव घनी आबादी से जुड़े है। यदि इन सड़को का निर्माण करा दिया जाये तो सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण मुख्यालय से जुड़ जाएंगे और उन्हे कई तरह की सुविधाए प्राप्त होंगी।

# गुरुकुल के विद्यार्थी की भांति व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र चिंतक बनाना संघ का उदेश्य है : कुणाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा में गुरूवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्राथमिक शिक्षा वर्ग संपन्न हो गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत शारीरिक प्रमुख कुणाल कुमार ने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग में स्वयंसेवक किसी गुरुकुल के विद्यार्थी की भांति व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र चिंतन हेतु कष्टप्रद परिस्थितियों में रहता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इन संघ शिक्षा वर्गों में आए शिक्षार्थी योजना, निर्माण, रचना पर अथक परिश्रम करते हुए सतत कर्मशील रहने का संकल्पित प्रशिक्षण लेते हैं। वे गुरूवार को संघ के प्राथमिक शिक्षा वर्ग के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो मानवता को ही धर्म का पर्याय मानते हैं और उसी आधार पर जीवन जीने का प्रयास करते हैं वे राष्ट्रहित के प्रति सजग हैं। विभाग संघचालक जानकीनंदन राणा ने कहा कि सात दिनों के इस वर्ग के पाठ्यक्रम में मोटे तौर पर प्रतिदिन 250 मिनट के बौद्धिक विकास कार्यक्रम तथा 200 मिनट के शारीरिक विकास के कार्यक्रम रखे जाते हैं।

बाकी समय में व्यक्ति को ऐसा परिवेश मिलता है कि व्यक्ति राष्ट्र आराधना में लीन हो जाता है। पलामू विभाग कुटूंब प्रबोधन प्रमुख राजेश चंद्र पाण्डेय ने कहा कि वर्ग से विधिवत प्रशिक्षण लेने के पश्चात ही प्रशिक्षित कार्यकर्ता संघ के कार्यों को अधिक कुशलता से संभाल पाता है। यही कारण है कि इस देश के ही नहीं अपितु विश्व के सर्वाधिक अनूठे, विशाल, अनुशासित, लक्ष्य समर्पित, तथा राष्ट्र प्रेमी संगठन के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहचान होती है। वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवंतु सुखिनः, धर्मो रक्षति रक्षितः, इदं न मम इदं राष्ट्रं जैसे अति व्यापक अर्थों वाले पाठ व्यक्ति के मानस में सहज स्थापित हो जाएं यही लक्ष्य होता है। ये वर्ग व्यक्ति में भाव जागरण या भाव विकास में सहयोगी होते हैं, और संभवतः यही व्यक्तित्व विकास का सर्वाधिक सफल मार्ग भी है। जिला गौ सेवा प्रमुख नरेश गुप्ता ने कहा कि जिस स्थान पर वर्ग लगते हैं, वहां की शाखा और कार्यकताओं को भी इससे लाभ होता है। वर्ग के लिए कई तरह की व्यवस्थाएं करनी होती हैं। समाज से सहयोग से संपर्क कर वर्ग के लिए साधन जुटाने होते हैं। अतः अधिकांश कार्यकताओं में सक्रियता निर्माण होती है। स्थानीय कार्यकर्ता नए-नए लोगों को वर्ग दिखाने के लिए लाते हैं। इससे वे भी संघ से जुड़ते हैं। वर्ग के दौरान पथ-संचलन तथा सार्वजनिक समापन कार्यक्रम से स्थानीय हिंदू समाज में उत्साह का निर्माण होता है। इस प्रकार संघ शिक्षा वर्ग न केवल शिक्षार्थियों, अपितु व्यवस्थापकों और स्थानीय कार्यकताओं के लिए भी वरदान बनकर आता है। इस मौके पर जिला संघचालक राजमणि प्रसाद, खंड कार्यवाह रमेश प्रसाद, कृष्णा पाण्डेय, दिनेश प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, अनील ठाकुर, व्यापक कुमार, सत्यम कुमार, लोकेश तिवारी, मधुसूदन कुमार, महेंद्र अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रकाश राम, पूर्व विधायक मनिका हरिकृष्ण सिंह, प्रवीण सिंह, डा. अनील, भगवानदास गुप्ता, मोहिनीश कुमार, राजेश चंद्रवंशी, रमण महतो, नितीश तिवारी, श्यामकरण साहू, किरण साहू समेत बड़ी संख्या में जिले भर से आए लोग मौजूद थे।

### चंदवा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक शिक्षा वर्ग का हुआ समापन



अभ्यास वर्ग में शामिल युवा।

### स्वयंसेवकों में भरा राष्ट्रहित के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का जज्बा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग का समापन हुआ। इस दौरान प्रशिक्षण हासिल किए स्वयंसेवकों ने राष्ट्रसेवा का संकल्प लेते हुए समाजसेवा कार्यों को बताया। शिविर में स्वयंसेवकों को दंड, जूडो-कराटे, लाठी चलाने समेत अन्य शारीरिक व आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया गया। शारीरिक प्रशिक्षण के साथ ही बौद्धिक प्रशिक्षण भी हुआ। इसमें स्वयंसेवकों को देश के मौजूदा हालातों, संघ की ओर से राष्ट्रहित व समाज सेवा में किए जा रहे कार्यों, संघ के उद्देश्यों और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों को राष्ट्र व समाज हित के लिए सर्वस्व न्योछावर करने एवं भारत माता के स्वाभिमान और गौरव को विश्व में शिखर पर लाकर भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

**इंजन में आयी तकनीकी खराबी**

### आधे घंटे तक रेलवे फाटक पर थमा रहा मालगाड़ी का पहिया

**चंदवा।** खाली मालगाड़ी के इंजन में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण गुरुवार की दोपहर लगभग 12:30 से 1:15 तक सीआईसी सेक्शन बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक पर मालगाड़ी खड़ी रही। इस दौरान रेलवे फाटक के दोनों छोर पर छोटे-बड़े वाहनों का भारी जाम लग गया व लोग परेशान देखे गए। रेलवे के अधिकारी व कर्मियों के द्वारा किसी प्रकार मालगाड़ी को धीरे धीरे करके आगे बढ़ाया, जिसके बाद लगभग 1:15 बजे आवागमन सामान्य हो गया। फाटक खुलने के बाद वाहनों की आपाधापी में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि यह कोई 1 दिन का नहीं बल्कि प्रतिदिन की समस्या है। हम लोगों को दिन में कई मर्तबा ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन इससे रेलवे का कोई सरोकार नहीं। रेलवे को सिर्फ यहां से राजस्व उगाही करने से मतलब है।

लोगों ने आगे कहा कि रेलवे के द्वारा टोरी स्टेशन में लॉन्ग-हॉल लगाकर मालगाड़ी में पायलट व लोको पायलट बदली किया जाता है, जिस कारण लोगों को रेलवे फाटक पर खड़े रहना पड़ता है, कई बार तो आपातकालीन वाहन भी फाटक पर लगने वाले जाम में फंस जाते हैं व लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ रही है। इस संबंध में टीआई संजय कुमार ने बताया कि मालगाड़ी के इंजन में कुछ तकनीकी खराबी आई थी, जिस कारण कुछ देर के लिए व्यवधान उत्पन्न हुआ था।

स्पीड न्यूज

## आवास का ताला तोड़ सात हजार नगदी व गहने की चोरी

**चासनाला।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के मोहनबाजार दुर्गा मंदिर के समीप रेलवे आवास संख्या 282 निवासी रेलवे में कार्यरत बिशेश्वर सोरेन के आवास का सामने का ताला तोड़ मंगलवार की रात अज्ञात चोरो ने चोरी कर चलते बने उस वक्त घर पर कोई नहीं था रेलवे कर्मी अपने परिवार के साथ किसी काम के लिए अपने अपने गाँव देवघर दो दिन पूर्व गए थे। चोरी की सुचना पडोसी के द्वारा बुधवार की सुबह फोन के माध्यम से दिया गया था। वहीं रेल कर्मी के आने बाद उन्होंने बताया की मै अपने गाँव गया था खबर मिलने के बाद आया हु देखा की सामने दरवाजे का ताला कमरे में रखा अलमीरा व बक्सा का टुटा पड़ा था अलमीरा में रखा सोने की एक चैन, एक कान का रिंग, चांदी का एक जोड़ा पायल, एक चांदी की रिंग तथा नगदी 7 हजार रूपए गायब थे जिसकी कीमत लगभग 70 हजार बताया गया हैं।

## 110 ग्रामीणों की निशुल्क मोतियाबिंद की हुई जांच

**झरिया/तिसरा।** भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह के तत्वाधान में नारायणा फाउंडेशन व हाइटेक हॉस्पिटल गोविंदपुर के सौजन्य से गुरुवार को चांद कुइया हरि मंदिर में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया` उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता धर्मजीत सिंह व चिकित्सक नारायण दत्त गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया ` इस दौरान आसपास के करीब 110 महिला व पुरुष मोतियाबिंद मरीज का कंप्यूटर द्वारा निशुल्क जांच किया गया` इसके बाद नारायणा फाउंडेशन की ओर से निजी वाहन द्वारा लोगों का ऑपरेशन मुफ्त में कराने के लिये ले जाया जाएगा` इस दौरान डॉ नारायण चंद्र गुप्ता ने कहा कि आंख बहुत ही संवेदनशील अंग है` कोलियरी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण से आंखों पर बुरा असर पड़ रहा है.मौके पर डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार ,आशा रानी,बंटी सिंह, प्रदीप सिंह, अर्जुन सिंह , बिरंचि सिंह, पंकज सिंह, मिंटू साव, श्रीश सिंह,विकास रवानी, विजय रवानी, प्रबीर मुखर्जी, सुनील मोदक, आदि उपस्थित थे ।

## पीडीएस चावल लदे बाइक सहित दो धराये

**झरिया ।** सरकारी राशन से मिलने वाले चावल तथा गेंहू की कालाबाजारी करने वाले गिरोह प्रशासन के मुँह चिढ़ाते हुए नजर आते है। प्रशासन के द्वारा इतने छापेमारी के बावजूद पीडीएस अनाज की कालाबाजारी करने वाले गिरोह निडरता के साथ बेखौफ होकर खरीद बिक्री कर रहे है। इसका तत्ज उदाहरण आज फुसबंगला में पीडीएस चावल ले जा रहे मोटरसाइकिल संख्या जेएच 10 सीएम-8111 सवार विजय कुमार महतो व संतोष कुमार को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। झरिया एमओ राजीव रंजन के बयान पर कांड संख्या 282/22 के तहत मामला दर्ज कर जाँच की जा रही है। वही दोनों युवकों ने बताया कि अपने राशनकार्ड पर एक क्विंटल दस किलो चावल ले जा रहे थे।तभी कुछ लोगों द्वारा पकड़कर मारपीट किया गया और हमे थाना पहुँचाया गया।

## झमाडा का पाइप क्षतिग्रस्त, जलापूर्ति ठप

**झरिया/ जोडापोखर ।** झमाडा जल संयंत्र केन्द्र जामाडोबा से झरिया जल मीनार जाने वाले 30 इंची पाइप बुधवार की रात फट जाने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया है। सूचना मिलने के बाद गुरुवार सुबह मजदूरों ने संयंत्र केन्द्र को बंद कर पाइप मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। जल संयंत्र केन्द्र के 12 एमजीडी प्लांट से झरिया 30 इंची एवं 18 इंची पाइप लाइन से भौरा, पाथरडीह में पानी की सप्लाई की जाती हैं। वही सर्दी के मौसम में दामोदर नदी में शैवाल व जलकुंभी की बढ़ोतरी होने से पाइप लाइन जाम हो जाता है, जिस कारण जल भंडारण में दिक्कत होती है। बार बार मजदूर को नदी में उतरकर सफाई करनी पड़ती है।

# टासरा प्रोजेक्ट के पास 100 मीटर तक खिसकी जमीन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिन्दरी।** सेल टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के चहारदीवारी के बाहर बुधवार की देर रात दस बजे जमीन सरकने की आवाज के साथ लगभग सौ मीटर लम्बी तथा लगभग दस मीटर गहरी जमीन धँस गया। घटना के बाद से आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण प्रबंधन से पुनर्वास की माँग कर रहे हैं। सेल प्रबंधन ने इस सूचना के बाद खनन व ब्लास्टिंग कार्य को ठप्प कर दिया है। हालांकि इसी बीच प्रोजेक्ट से कोयले की चोरी भी जारी है और स्थानीय प्रशासन कहती है कि कोयला चोरी रोकने में लगे हुए हैं। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी टासरा मौजा के ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की देर रात अचानक जमीन खिसकने की आवाज आने लगी। ऐसा लगा कि सभी लोग जमीनदोज हो जाएँगे। उन्होंने बताया कि रात की घटना में लगभग सौ मीटर तक दरार पड़ चुकी है। टासरा रोहड़ाबाँध ग्रामीण संघर्ष समिति के सोनू सिंह ने बताया कि सेल प्रबंधन खनन नियमों को ताख पर रखकर कोयला खनन के लिए ब्लास्टिंग कर रही है। ग्रामीणों का विस्थापन नहीं कर उसे जमींदोज होने पर मजबूर किया जा रहा है। कर्णेश कुमार ने बताया कि निर्धारित सीमा के बाहर जाकर कोयला खनन किया जा रहा है। इससे बैरिकेडिंग किए गए क्षेत्रों के बाहर भी जमीन खिसक रही है। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद लगभग पाँच घंटे बीत जाने पर भी प्रशासन व सेल प्रबंधन के अधिकारी लैंड स्लाइड की जगह पर नहीं पहुँचे हैं। टासरा की ग्रामीण महिलाओं में पार्वती देवी ने बताया कि प्रोजेक्ट से मात्र 20 मीटर की दूरी पर घर है और घरों में दरारें पड़ रही हैं। मवेशियों व बच्चों के साथ घर में रह पाना मुश्किल हो रहा है। इस प्रकार की घटना से पूरा परिवार चिंतित है। टासरा सेल प्रबंधक उपेंद्र सिंह ने बताया कि जमीन में दरार आया है। उसको हटाकर तुरंत साफ करवा दिया जाएगा और आगे से जमीन फटने की घटना न घटे ऐसी व्यवस्था की जाएगी। सेल के मेगा प्रोजेक्ट की टेंडर प्रक्रिया पूरे होने तक विस्थापन की कोई व्यवस्था नहीं है। उधर प्रोजेक्ट से लगातार हो रही कोयला चोरी पर पूछे जाने पर गौशाला ओपी प्रभारी विकास महतो ने बताया कोयला चोरी रोकने में लगे हुए हैं।

## मृतक की पत्नियों ने कहा इंसाफ नहीं मिला तो करेंगे आत्मदाह

बाघमारा। 19 नवंबर 2022 रात्रि 12:00 बजे जिले के बाघमारा अनुमंडल स्थित बाघमारा थाना क्षेत्र के बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 2 केकेसी साइडिंग बेनीडीह में कोयला चोरी के आरोप में सीआईएसएफ ने चार लोगों को गोली मार दी थी। इस घटना को आज गुरुवार को पूरे 40 दिन हो गए हैं उपरोक्त मामले को लेकर मृतक के परिजनों के द्वारा बाघमारा थाना में सीआईएसएफ टीम और अवध डिपो संचालक के ऊपर काण्ड संख्या 24/22 दिनांक 24-11-22 मामला दर्ज की गई हैं। लेकिन 40 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कार्रवाई नहीं की गई। मृतक के परिजन कार्रवाई को लेकर थाना का चक्कर काट रहे हैं। इसी मामले को लेकर गुरुवार को मृतक के परिजनों ने केकेसी मेन साइडिंग बेनीडीह में प्रेस वार्ता कर मिडीया को बताया कि मृतक समीम अंसारी गुण घुसा निवासी की पत्नी उम्मे कुलसुम मोहम्मद शहजाद अंसारी रथताड निवासी की पत्नी रोजी खातून ने बताया की आज पती का चालीसंवा है पैसा नही है कि नियाज फातिया भी नही करा सके। मृतक प्रीतम चौहान रतटांड की पत्नी सोनिया देवी अपने बाल बच्चों के साथ प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर इंसाफ नहीं मिला तो पूरे परिवार के साथ आत्मदाह करेंगे।



बेनीडीह गोलीकांड

एक नजर में

## धनबाद के 1.59 लाख लाभुकों को मिला योजनाओं का लाभ



**धनबाद।** राज्य सरकार के जनसेवा के 3 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने धनबाद के एक लाख 59 हजार 491 से अधिक लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त संदीप सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज रांची में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने एक लाख 13 हजार 626 लाभुकों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, 24 हजार 594 को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 21271 को मुख्यमंत्री सूखाड़ राहत योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ धनबाद के लाभुकों को प्रदान किया।

## कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मना

**बोकारो।** अखिल भारतीय कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस सेक्टर 12 कांग्रेस कार्यालय में सिकंदर अंसारी की अध्यक्षता में लाल मोहन लायक एवं विमल कृष्ण चौबे द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर मनाया गया। प्रदेश प्रतिनिधि साधु शरण गोप ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सर्व धर्म वाले भारत के लिए लिए सर्वोपरि है ।उन्होंने कहा कि कलयुगी राजनीति को पलटने के लिए राहुल गांधी 3570 किलोमीटर पैदल यात्रा पर हैं। त्याग तपस्या की राजनीति की पृष्ठभूमि तैयार कर दी है राहुल ने। मौके पर संदीप कुमार आशए जेदू राम गोपए मनोहर गोपए ए के विश्वासए भानु गोपए मोहित दासए दिवाकर गोपए अमित नायकए जे अंसारीए शिवशंकर सिंहए उमाशंकर गोपए राजेश यादवए महाराज यादवए आर कुमारए परास दासए भोला रायए टी ड़ी गोप आदि उपस्थित थे।

# एसपी ने विद्यार्थियों को दिए टिप्स



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में कैरियर चयन पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसपी चंदन कुमार झा ने कक्षा 11.12वीं की पढ़ाई और इसके पश्चात कैरियर के चुनाव पर अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार ही दृढ़ संकल्प के साथ एक लक्ष्य तय कर उसे पाने के लिए प्रयास करेंए तो सफलता तय है।अभिभावकों के अनुभवों से लाभ लेते हुए उनकी सलाह का आदर करने पर जोर दिया ताकि भावनाओं में बहकर कोई भी निर्णय न लिया जा सके। बता दें कि एसपी श्री झा भारत के विख्यात गणितज्ञ आनंद के ष्सुपर.30ष् में मेंटर भी रह चुके हैंए उन्होंने 2003 से 2007 तक वहाँ के विद्यार्थियों को पढ़ाया है। विद्यार्थियों ने तन्मयता से उनकी बातों को सुना और लाभान्वित हुए।मौके पर उपस्थित डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ॰ हेमलता एसण मोहन ने विद्यार्थियों को श्री झा के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिए गए कैरियर संबंधी टिप्स को जीवन में उतारने की सलाह दी। डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल की उपस्थिति में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में डीपीएस चास की ओर से किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

## मधुमक्खियों ने राहगीरों पर किया हमला, पांच घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर स्थित बोकारो नदी पुल के समीप अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने राहगीरों पर हमला कर दिया। इस हमले में पांच लोग घायल हो गये। इसमें एक की स्थिति गंभीर है। मधुमक्खी चील के कारण उग्र तीनहुए थे। जानकारी के मुताबिक मधुमक्खियों के हमले से जमकडीह के दो बच्चे 11 वर्षीय सोहन कुमार एवं 12 वर्षीय चंदन कुमारए एक व्यस्क चलियाटाड निवासी गोवर्धन चौहान और एक वृद्ध झीरके निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घंटों मधुमक्खियों की झुंड गोमिया साडम सड़क पर तांडव मचाती रही।जानकारी के मुताबिक मधुमक्खियों के हमले से जमकडीह के दो बच्चे 11 वर्षीय सोहन कुमार एवं 12 वर्षीय चंदन कुमारए एक व्यस्क चलियाटाड निवासी गोवर्धन चौहान और एक वृद्ध झीरके निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घंटों मधुमक्खियों की झुंड गोमिया साडम सड़क पर तांडव मचाती रही।घटनास्थल पर गोमिया थाना के एएसआई अहमद अली खान पहुंच कर सड़क से लोगों को नहीं गुजरने की हिदायत दी। साथ ही घायलों को देखने गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया। मधुमक्खियों के छत्ते पर एक चील बार-बार हमला कर रहा था।

## धनबाद में दुर्गा सोरेन सेना का विस्तार

धनबाद। दुर्गा सोरेन सेना के धनबाद में संगठन को मजबुर करने को लेकर दुर्गा सोरेन सेना की नवीं कमीटी का गठन धनबाद परिसदन के सभा गार में किया गया । जिसमें युवा मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मिकी के नेतृत्व में राहुल कुमार को धनबाद जिलाध्यक्ष, अमीत सिंह को कार्यकारिणी अध्यक्ष,प्रेमप्रकाश केशरी को जिला उपाध्यक्ष के साथ संगठन में दर्जनों लोगों को जोड़ा गया ।दुर्गा सोरेन सेना के केन्द्रीय

## कसमार: सहायक अध्यापक संघ कमेटी का पुनर्गठन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ कसमार प्रखंड की बैठक बगियारी मोड़ मंगल चंडी मंदिर परिसर में बाल गोविंद महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व में हुई संघ की बैठक की समीक्षाए कोष संकलन पर चर्चाए मुखिया के प्रमाणीकरण पर चर्चा समेत अन्यान्य विषयों पर विचार किया गया। इसके बाद कसमार प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से प्रहलाद महतो को अध्यक्ष विमल कुमार राय को सचिव एवं गोपी करमाली को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अर्जुन महतोए धनंजय महतोए कृष्ण कुमारए गया राम महतोए इंदर नाथ मरांडीए छोटू प्रसाद महतोए सुखदेव मुर्मूए गणेश महतोए महेश्वर महतोए दिलीप कुमार महतो एवं अरुण कुमार तूरी को बनाया गया। मौके पर मंगल महतो संदीप रायए भिखारी महतोए नागेश्वर मांझीएविपिन कुमार रॉयए राजाराम मांझीए धनंजय प्रसाद मुर्मू लखन लाल महतोए भुनेश्वर महतोए सुबोध कुमार महतोए भागीरथ महतोए नरेश कुमार महतोए काशी नाथ महतोए दिलीप कुमार महतोए रूपेश कुमार महतोए राजकुमार महतो मौजूद थे।

## एससीएसए सिंदरी के पदाधिकारियों का चयन

**सिन्दरी।** एफसीआईएल सिन्दरी ए वन बंग्लो में गुरुवार को सिन्दरी सेंट्रल स्पोर्ट्स एशोसिएशन (एससीएसए) सिन्दरी के अध्यक्ष देवदास अधिकारी की अध्यक्षता में एशोसिएशन की बैठक आयोजित कर एशोसिएशन के नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें डिनोबली स्कूल सिन्दरी के खेल विभागाध्यक्ष कुमार संजीव को एशोसिएशन का सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही 11 पदाधिकारियों व 7 कार्यकारिणी सदस्यों की सूची जारी की गई।

एससीएसए सिन्दरी अध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार को चयनित पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया है। इसमें पुनः अध्यक्ष देवदास अधिकारी, सचिव कुमार संजीव, वरीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर फ्रांसिस, तीन उपाध्यक्ष में पंकज कुमार, विवेक कुमार व हरविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अभिजीत मिश्रा, चार उपसचिव में विजय गुप्ता, श्री राम कुमार, संजय राउत व पंकज कुमार सिंह उर्फ मोलू शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में अभि कुमार रवानी, आकाश कुमार, नीरज गुप्ता, प्रेम कुमार, विकास कुमार, विजय रजक आदि शामिल हैं।

## अवैध शराब के भंडार, बिक्री पर जांच के निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी चंदन झा ने संयुक्त रूप से जिले में अवैध शराब बिक्री के रोकथाम हेतु एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए बेरमो अनंत कुमारए एसडीपीओ पुरषोत्तम कुमारए सतीश चंद्र झाए सहायक उत्पाद आयुक्त आदि संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिशा निर्देश दिया।जिले के पश्चिम बंगाल राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रोंध्राष्ट्रीय राजमार्ग में संचालित दुकानोंध्ढाबोंध्रेस्टोरेंट आदि में संयुक्त रूप से छापेमारी कर इस पर तुरंत रोक लगाएं एवं ऐसे दुकानोंध्ढाबोंध्रेस्टोरेंट आदि को सील कर कार्रवाई करें।अवैध शराब विक्रेताओं की सूची थानावार तैयार करने व इथोनल ;स्प्रिटद्ध में रंग मिलाकर अवैध शराब का निर्माण कार्य रोकने के निमित्त सूचना तंत्र को सक्रिय करने हेतु नियमित जांच अभियान चलाने को कहा।उपायुक्त द्वारा पूछने पर सहायक उत्पाद आयुक्त ने 132 करोड़ राजस्व के लक्ष्य का 60 फीसदी प्राप्त करने की जानकारी दी। शेष लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में ओएसडी विवेक सुमनए डीपीआरओ राहुल भारतीए एसपी समेत अन्य उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने खेलकूद में दिखाई प्रतिभा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का रंगारंग समापन समारोह दिनांक 29.12.2022 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल कल्याण ट्रस्ट कतरासगढ़ के ट्रस्टी एवं विद्यालय के संस्थापक सचिव हरि प्रसाद अग्रवाल ने सरस्वती वंदन पूजन कर खेल प्रतिस्पर्धा प्रारंभ करवाया। भैया बहनों के बहुमुखी विकास हेतु पढ़ाई के साथ खेलकूद की प्रतिबद्धता आवश्यक है। भैया बहन खेलकूद में अपना कैरियर बना सकते हैं। मुख्य अतिथि महोदय ने भैया बहनों को विद्यालय स्तरीय सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के उप-प्राचार्य श्री अभिमन्यु कुमार ने अतिथि परिचय के दायित्व का निर्वाह किया। भैया बहनों ने ध्वज दौड़ के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं नौनिहाल खिलाड़ियों का तहेदिल से आभार प्रकट किया जिन्होंने इस वार्षिक खेलकूद समारोह को भव्यता प्रदान की। इस त्रिदिवसीय वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम में खेल सबके लिए संकल्पना के आधार पर अभिभावक, अतिथि, शिक्षक एवं बच्चों ने उत्कृष्ट खेलों का प्रदर्शन किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह का तीन दिन कैसे बीते पता ही नहीं चला। विद्यालय में उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुनः मुख्य अतिथि ने खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का समापन किया।

### मौके पर थे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरि प्रसाद अग्रवाल के साथ विद्यालय के सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, बाल कल्याण ट्रस्ट के ट्रस्टी सुशील चौधरी जी, कई मंचासीन पदाधिकारी, उप प्राचार्य अभिमन्यु कुमार, खेल संयोजक राजकुमार महतो, एवं समस्त सहयोगी आचार्य उपस्थित थे ।मंच का संचालन विवेक सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार एवं श्रीमती रूपा झा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाएं कार्यालय प्रमुख चेतन कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ आचार्य प्रेम नाथ मिश्रा जी के द्वारा मीडिया से साझा किया गया।

## पेज एक का शेष

### लोहरदगा में मुठभेड़

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई :** पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में रविंद्र गंझू का दस्ता सक्रिय है। इसी सूचना पर कोरगो गांव के आस पास के जंगलों में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच नक्सली चन्द्रभान पाहन गोलीबारी शुरू कर दी । सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली के पेट पर गोली लगी और वहीं ढेर हो गया। इलाके की घेराबंदी कर एक इनामी नक्सली गोविंद बिरीजिया को भी धर दबोचा। बताया जाता है गिरफ्तार नक्सली भी घायल है। इस अभियान में सीआरपीएफ 158 बटालियन, जेजे, झारखंड पुलिस और जिला बल शामिल है। पूरे जंगली इलाके में पुलिस घेराबंदी कर सर्च अभियान चला रही है।

### 14 राज्यों के...

इसके अलावा पटना, दरभंगा, भागलपुर, चंपारण, बेगूसराय, मुंगेर, हाजीपुर, वैशाली, नालंदा, दिल्ली, चंडीगढ़, अमृतसर, गुरदासपुर, भटिंडा, करनाल, सवाईमाधोपुर, नरवाना, हमीरपुर, शिमला, जम्मू, श्रीनगर, गाजियाबाद, गुवाहाटी, तेजपुर, मुंबई, समेत 91 ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है।

**अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है :** मामला विदेश से पढ़ाई करके आने वाले डॉक्टर्स के लिए जरूरी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीइ) से जुड़ा है। आरोप है कि 14 राज्यों की मेडिकल काउंसिल ने विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई करके वापस लौटे 73 डॉक्टर्स को ये परीक्षा पास किये बिना ही भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दे दी थी। सीबीआई ने राज्यों की मेडिकल काउंसिल के अज्ञात अधिकारियों और विदेशों से मेडिकल स्नातक 73 डॉक्टर्स के खिलाफ भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश, जालसाजी और धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सीबीआइ से मामले की शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि अयोग्य लोगों की ओर से इस तरह धोखाधड़ी और फर्जी रजिस्ट्रेशन आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होगा।

**एफएमजीई परीक्षा पास करना जरूरी :** नियमों को ताक पर रखकर 14 राज्यों की मेडिकल काउंसिल ने विदेश से पढ़ाई करके भारत आए 73 मेडिकल स्नातकों को प्रैक्टिस करने की अनुमति दे दी। नियमों के मुताबिक देश के बाहर किसी भी दूसरे देश से मेडिकल की पढ़ाई करके भारत आने वालों के लिए फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन पास करना अनिवार्य है।

### दलाई लामा की ...

**बोध गया में सुरक्षा बढ़ी :** सूत्रों के मुताबिक इस बार दलाई लामा के लिए चार स्तरीय सुरक्षा होगी। कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के बाद कालचक्र पूजा की जा रही है। इसलिए इस बार गया जाने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ गयी है। धार्मिक कार्यक्रम में लगभग 30,000 से 40,000 विदेशी पर्यटकों के शामिल होने की उम्मीद है। 29 दिसंबर से शुरू हुई कालचक्र पूजा करीब एक महीने में खत्म होगी।

### अभिनेत्री आलिया की ...

**प्रकाश ने पुलिस को बतया था :** ईशा आलिया के पति प्रकाश कुमार के मुताबिक, जब बदमाशों ने कार के अंदर बैठी ईशा आलिया को शूट किया, तब दंपती अपनी ढाई साल की बेटी के साथ थे। प्रकाश ने दावा किया कि यह घटना तब हुई, जब उन्होंने शौच के लिए कार रोकी। उन्होंने दावा किया कि बदमाशों ने लूट के प्रयास में उनकी कार पर हमला किया। एक्ट्रेस ईशा आलिया ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो अपराधियों ने उनकी बेटी के सामने ही गोली मार दी. जिससे मौके पर ही ईशा आलिया की मौत हो गयी।

**पुलिस को क्यों हुआ शक :** पुलिस के बयान के मुताबिक, यह घटना हावड़ा के बगनान में महिषरेखा पुल के पास नेशनल हाईवे पर हुई है। प्रकाश ने दावा किया कि घटना के समय उन्होंने इलाके में किसी को नहीं देखा। वह कार में पड़ी अपनी पत्नी के शव के साथ साथ राजापुर थाना के पिराताला पहुंचा। वहां उसने स्थानीय लोगों को सारी बात बतायी और उनकी मदद से पुलिस को सूचना दी गयी। जिसके बाद पुलिस रिया को उलुबेरिया अनुमंडलीय अस्पताल ले गयी, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### 15 फरवरी से ...

वहीं, प्रायोगिक परीक्षाएं एक जनवरी 2023 से आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अलग अलग विषयों के लिए सैंपल पेपर भी जारी किया है। स्टूडेंट्स इसकी मदद से समय रहते परीक्षा की अच्छी तैयारी कर सकते हैं।

**इस बार एक ही परीक्षा, अब 100 प्रतिशत सिलेबस:** 2022 में परीक्षा दो भागों में आयोजित की गई थी। लेकिन बोर्ड इस बार एक ही परीक्षा आयोजित करेगा। पहले यह घोषणा की गई थी कि मौजूदा शैक्षणिक सत्र (2022-23) के लिए बोर्ड परीक्षाएं फरवरी 2023 में आयोजित की जाएंगी। साथ ही, परीक्षाएं अब 100 प्रतिशत सिलेबस पर होंगी, जैसे कि कोरोना से पहले के सेशन में की जाती थी।

**योग्यता आधारित प्रश्न भी रहेंगे :** बोर्ड परीक्षा में अब 10वीं की परीक्षा में न्यूनतम 40 फीसदी और 12वीं की परीक्षा में 30 फीसदी सवाल योग्यता के आधार पर पूछे जाएंगे। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में पूछे जाने वाले इन प्रश्नों में कई प्रारूप शामिल होंगे। प्रश्न ऑब्जेक्टिव, कंस्ट्रक्टिव रिस्पॉन्स टाइप, एसर्शन, रीजनिंग आधारित होंगे। पिछले सत्र में कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए सीबीएसई के रिजल्ट जुलाई में घोषित किए गए थे। 12वीं में कुल 92.71 प्रतिशत स्टूडेंट् पास हुए थे. वहीं 10वीं में 94.40 प्रतिशत स्टूडेंट्स सफल रहे थे।

स्पीड न्यूज

## निर्मला सीतारमण को एम्स से मिली छुट्टी



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दिल्ली एम्स से डिस्चार्ज कर दिया गया है। सीतारमण को बुखार आने के कारण सोमवार को एम्स में भर्ती किया गया था। इसके बाद बताया गया था कि वह रूटीन चैकअप के लिए एम्स में भर्ती हुई है।

## हीराबा के स्वास्थ्य में हो रहा है सुधार

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा का इलाज कर रहे अहमदाबाद के अस्पताल ने गुरुवार अपराह्न कहा कि उनका स्वास्थ्य सुधर रहा है। यू ए मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर ने ताजा स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा कि हीराबा मोदी का स्वास्थ्य सुधर रहा है। पीएम मोदी की मां को बुधवार सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## निकाय चुनाव : सुप्रीम कोर्ट पहुंची योगी सरकार

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग (ओबीसी ) को आरक्षण देने को लेकर यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। गुरुवार को योगी सरकार ने लखनऊ हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ स्पेशल लीव पिटिशन दायर की है। जिस पर 2 जनवरी को कोर्ट खुलने के बाद होगी सुनवाई होगी।

## सेंसेक्स 223 अंक चढ़ा

**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स 223 अंकों की बढ़त के साथ 61133 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 68 अंकों की तेजी के साथ 18191 पर बंद होने में सफल रहा।

## ब्रह्मोस मिसाइल के उन्नत संस्करण का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने बुधवार को ब्रह्मोस एयर-लॉन्च मिसाइल के उन्नत संस्करण का सफल परीक्षण किया। यह 400 किमी की रेंज में किसी भी लक्ष्य को मार गिराने में सक्षम है। रक्षा अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुखोई एसयू-30 लड़ाकू विमान से मिसाइल का परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सुखोई एसयू-30 लड़ाकू विमान से मिसाइल को दागा गया और इसने सटीक लक्ष्य पर प्रहार किया।

## बर्फीले तूफान की तबाही से अब तक नहीं उबरा अमेरिका



## बाड़ नहीं, जवान करते हैं सीमाओं की रक्षा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा खंभे या बाड़ नहीं बल्कि उस सीमा पर खड़े जवान की वीरता, देशभक्ति और सजगता ही कर सकती है। शाह ने गुरुवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 'प्रहरी' मोबाइल एप और मैनुअल का लोकार्पण करने के मौके पर कहा कि बीएसएफ देश की सबसे कठिन सीमा की निगरानी करती है।

उन्होंने कहा कि अटल जी ने वन बॉर्डर वन फोर्स का जो नियम बनाया, उसके बाद पाकिस्तान और बंगलादेश से सटी हमारी सीमाओं




की जिम्मेदारी बीएसएफ के जिम्मे आई है और बीएसएफ के वीर जवान बड़ी ही सजगता, सुदृढ़ता और मुस्तैदी के साथ-साथ सातत्यपूर्ण प्रयासों के साथ इन सीमाओं की सुरक्षा करते हैं।

उन्होने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा पिलर या फेंसिंग नहीं बल्कि उस सीमा पर खड़े जवान की वीरता, देशभक्ति व सजगता ही कर सकती है। बीएसएफ की यह ऐप सक्रिय शासन का बड़ा उदाहरण है। इसके जरिए अब जवान व्यक्तिगत एवं सेवा संबंधी जानकारी, आवास, आयुष्मान और अवकाश से संबंधित जानकारी अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीपीएफ हो या बायोडाटा हो या केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पर समस्या निवारण या कई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हो, अब जवान ऐप के जरिये यह सब जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। और यह ऐप उन्हें गृह मंत्रालय के पोर्टल से भी जोड़ेगा।

### कोरोना पर केंद्र सरकार सख्त, अपलोड करनी होगी कोविड रिपोर्ट

# चीन समेत छह देशों के यात्रियों की बिना आरटीपीसीआर नो एंट्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चीन सहित कई देशों में तेजी से बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2023 से चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश के बाद से इन देशों से आने वाले यात्रियों को अब उन्हें यात्रा से पहले अपनी रिपोर्ट एयर सुविधा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने यह जानकारी दी।

**एक जनवरी से नियम लागू**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट किया, '1 जनवरी 2023 से चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। उन्हें यात्रा से पहले अपनी रिपोर्ट एयर सुविधा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।'

## चीन में कई नये खतरनाक वैरिएंट पैदा होने का खतरा



चीन में कोरोना-विस्फोट हो गया है। जब से उसने कोविड-19 गाइडलाइन के प्रतिबंध हटाए हैं, तभी से संक्रमण को लेकर हाहाकार मच रहा है। विशेषज्ञों का यहां तक कहना है कि चीन में कोरोना को लेकर दी जा रही छूट की वजह से इसके अन्य कई और वेरिएंट पैदा होने का भी खतरा हो गया है। गौरतलब है कि चीन ने लोगों को क्वारंटीन करने को लेकर बड़ा फैसला किया है। उसने कहा है कि अगले साल से 8 जनवरी के बाद देश में प्रवेश करने वालों को क्वारंटीन नहीं होना पड़ेगा। दूसरी ओर, चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कोविड मरीजों की संख्या को रोज जारी करना बंद कर दिया है। अधिकारियों का अंदाजा है कि हाल ही के हफ्तों में कई शहरों में हजारों लोग कोरोना से संक्रमति हुए हैं। हालात यह हैं कि देश के अस्पतालों और श्मशानघाटों में पैर रखने की जगह नहीं बची है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना वायरस अब दुनिया के एक बड़े हिस्से को संक्रमित करने की ताकत रखता है। यह उन लोगों को भी संक्रमित कर सकता है जिनकी पिछले संक्रमण की वजह से रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हुई है और उन लोगों को भी शिकार बना सकता है, जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई है।

**वायरस के प्रजनन का गढ़ बन सकता है चीन**

जेनेवा यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लोबल हेल्थ के डायरेक्टर एंटोनी फ्लाहॉल्ट ने एएफपी को बताया कि हर नया संक्रमण कोविड-19 का एक नया वेरिएंट बना सकता है। फ्लाहॉल्ट ने कहा, दुनिया में 140 करोड़ लोग अचानक सार्स कोव-2 वायरस के शिकार हो गए हैं। इससे कोरोना के नए वेरिएंट पैदा होने का खतरा है। फ्रांस की ल्योन यूनिवर्सिटी की वायरोलॉजी प्रोफेसर ब्रूनो लीना ने कहा कि चीन वायरस के प्रजनन का गढ़ बन सकता है।

### यात्रा से 72 घंटे के भीतर परीक्षण कराना अनिवार्य

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने कहा कि इन देशों से यात्रा करने वाले यात्रियों को भारत आने से पहले 72 घंटों के भीतर परीक्षण किए जाने हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह आवश्यकता भारत आने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के रैंडम दो प्रतिशत परीक्षणों के अतिरिक्त है, भले ही वह किसी भी देश से भारत आ रहा हो।

### संक्रमण के 268 नये मामले

स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटों में भारत में कोरोना संक्रमण के 268 नए मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद सक्रिय मामले बढ़कर 3,552 हो गए। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोरोना की दैनिक संक्रमण दर 0.11 प्रतिशत दर्ज की गई।

### चीन : ब्लैक में खरीद रहे भारत में बनी दवा

चीन में कोरोना से चारों तरफ अफरातफरी का माहौल है। पिछले 20 दिनों में चीन में 25 करोड़ लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार रोजाना चीन में कोरोना से लाखों लोग संक्रमित हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों के इलाज के लिए जगह नहीं बची है लोग अस्पताल के कॉरिडोर या फिर घर पर ही इलाज करा रहे हैं। अस्पतालों में कोरोना की दवाइयां नहीं मिल रही हैं। लोग खुद को बचाने के लिए सस्ती दवाइयों को काला बाजार में ढूंढ रहे हैं। चूंकि चीन द्वारा स्वीकृत दवाइयों की आपूर्ति सीमित है तो ये लोग भारत में बनाई गई जेनेरिक दवाओं को ब्लैक मार्केट से खरीद रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'भारतीय एंटी-कोविड जेनेरिक दवाएं' 1,000 युआन में प्रति बॉक्स बिक रही हैं। चीनी सोशल मीडिया वीबो पर भी भारत जेनेरिक दवाओं को खरीदने की बात कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी बाजारों में भारत की 4 तरह की जेनेरिक एंटी-कोविड दवाएं अवैध रूप से बेची जा रही हैं, जिनमें प्रिमोविर, पैक्सिस्टा, मोलनुनाट और मोलनाट्रिस शामिल हैं।

## तैयारी : घर से दूर रहने वाले वोटर भी कर सकेंगे मतदान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से गृह स्थान से देश में अन्यत्र रह रहे नागरिकों को वहीं से रिमोट वोटिंग की सुविधा देने की तैयारी कर रहा है। आयोग की ओर से इस सुविधा को उपलब्ध करा दिये जाने के बाद देश में कहीं से भी अपने गृह/मूल निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव होगा। प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए वापस अपने गृह राज्य/नगर जाने से मुक्ति मिलेगी। निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार उसने प्रोटोटाइप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) विकसित की है, यह दूरस्थ मतदान केंद्र से ही मतदाताओं को अपने क्षेत्र में मतदान कराने की सहूलियत करायेगी। आयोग ने कहा है कि उसने इस मशीन की कार्यप्रणाली को दिखाने के लिए राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया है। रिमोटर वोटिंग की यह सुविधा समुचित कानूनी व्यवस्था, प्रक्रियात्मक, प्रशासनिक और प्रौद्योगिकीय चुनौतियों के समाधान के बात की जा सकेगी। आयोग ने इन मुद्दों पर राजनीतिक दलों की राय जानने के लिए अवधारणा पत्र जारी किया है।

### मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत की हुई सगाई



देश के नामी कारोबारी मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत की सगाई हो गई है। उनकी सगाई राधिका मर्चेंट से राजस्थान के नाथद्वारा में स्थित श्रीनाथजी मंदिर में हुई है। इस आयोजन में परिवार के करीबी सदस्य ही थे। अनंत अंबानी की सगाई (रोका) सेरेमनी की जानकारी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप के प्रेसिडेंट परिमल नाथवानी ने ट्विटर पर दी। 27 साल के अनंत अंबानी पिता मुकेश अंबानी और मां नीता अंबानी की सबसे छोटी संतान है। कुछ साल पहले ही बड़े भाई आकाश अंबानी और बहन ईशा अंबानी का भी विवाह हो चुका है। लंबे समय से राधिका मर्चेंट संग अनंत अंबानी की शादी को लेकर चर्चाएं होती रही हैं। लेकिन गुरुवार को रोका सेरेमनी की खबर ने इस बात की पुष्टि कर दी कि अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट सात जन्मों के बंधन में बंधने जा रहे हैं।

## केंद्र की दो टूक, राज्यों को नहीं मिलेगा 'एनपीएस' का पैसा

**नयी दिल्ली।** पुरानी पेंशन योजना को दोबारा से लागू करने वाली राज्य सरकारों और केंद्र के बीच ठन गई है। जिन गैर-भाजपा शासित राज्यों ने अपने कर्मियों को पुरानी पेंशन के दायरे में लाने की घोषणा की है, उन्हें 'एनपीएस' में जमा कर्मियों का पैसा वापस नहीं मिलेगा। केंद्र ने साफ कर दिया है कि यह पैसा 'पेंशन फंड एंड रेगुलेटरी अथारिटी' के पास जमा है। नई पेंशन योजना 'एनपीएस' के अंतर्गत केंद्रीय मद में जमा यह पैसा राज्यों को नहीं दिया जा सकता। वह पैसा केवल उन कर्मचारियों के पास जाएगा, जो इसका योगदान कर रहे हैं। छत्तीसगढ़, राजस्थान, पंजाब और हिमाचल की सरकारों ने केंद्र से 'पीएफआरडीए' के पास जमा पैसे को लौटाने का आग्रह किया है। केंद्र सरकार में जेसीएम के सचिव ने बताया, वे केंद्र सरकार की गीदड़ भभकी से नहीं डरेंगे। यह कर्मियों का पैसा है, उन्हें मिलेगा। इस बाबत राजस्थान सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में केस किया जा रहा है। साथ ही 21 जनवरी को नई दिल्ली स्थित प्यारे लाल भवन में केंद्रीय और राज्यों के कर्मचारी संगठनों की एक बड़ी बैठक होने जा रही हैं।

## रूस ने यूक्रेन पर दागीं 100 से अधिक मिसाइलें

**एजेंसी**



**कीव।** गुरुवार को रूस ने यूक्रेन पर राष्ट्रीय इंफ्रस्ट्रक्चर को टारगेट करते हुए ताबतोड़ मिसाइलों से हमला कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन पर 120 मिसाइलें दागी गई हैं। यह पिछले कई हफ्तों में सबसे बड़ी स्ट्राइक बताई जा रही है। मिसाइल अटैक की खबर के बाद पूरे देश में अलर्ट के लिए सायरन बजाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के सलाहकार मायखेलो पोडोलीक ने इस हमले की पुष्टि की है। रूस ने एक दिन पहले यूक्रेन के कुछ इलाकों में विस्फोटक ड्रोन्स भेजे थे। इस हमले के बाद से यूक्रेनी शहर ल्वीव में बिजली संयंत्र काम नहीं कर रहे जिसकी वजह से पूरा शहर अंधेरे में दिखाई दिया।

यूक्रेन के एयरफोर्स के अधिकारियों ने कहा है कि रूस ने यह हमला स्ट्रेटेजिक एयरक्राफ्ट से समुद्र और जमीन पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों से किया है। रूस की ओर से पिछले अक्टूबर के बाद से लगभग हर हफ्ते इस तरह की एयर स्ट्राइक की जा रही है जो कि जो कि देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को टारगेट करते हुए की जाती है। रूस, यूक्रेन में कई इलाकों में ग्राउंड खो चुका है।

## साउथ और बॉलीवुड के गानों की तुलना कर बुरी फंसीं रश्मिका



रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी फिल्म 'मिशन मजनू' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ जोर-शोर से फिल्म का प्रमोशन करने कर रही हैं। ऐसे में रश्मिका अपने लुक्स और बयानों को लेकर आए दिन सुर्खियों में आ जाती हैं। वहीं, हाल ही में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ के गानों को लेकर ऐसे बयान दे दिया, जिसकी वजह से उनकी खूब आलोचना हो रही है। सोशल मीडिया पर रश्मिका को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल, रश्मिका मंदाना इन दिनों सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'मिशन मजनू' के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। गाने के लॉन्च इवेंट के दौरान रश्मिका ने बॉलीवुड के गानों को लेकर बात की, जिसके बाद से ही वह आलोचना का शिकार हो रही हैं। रश्मिका मंदाना ने कहा कि बॉलीवुड गाने ज्यादा रोमांटिक होते हैं। वहीं, साउथ के गाने सामूहिक और आइटम सॉन्ग होते हैं। रश्मिका ने ये स्टेटमेंट पूरी तरह से सामान्य लग रहा था, लेकिन कुछ लोगों को उनका यह कमेंट पसंद नहीं आया और अब वह उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल : महिला वर्ग में अनगड़ा रांची, पुरुष वर्ग में मालपहाड़ी पाकुड़ ने जीता खिताब





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता के महिला वर्ग का खिताब रांची जोन की अनगड़ा की टीम ने जीता वहीं पुरुष वर्ग का खिताब दुमका जोन की मालपहाड़ी पाकुड़ की टीम ने जीता। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए महिला वर्ग के फाइनल में अनगड़ा की टीम ने खिताबी मुकाबले में रांची जोन की ही ओरमांझी को 2-1 से पराजित किया। पुरुष वर्ग के फाइनल में दुमका जोन की मालपहाड़ी पाकुड़ ने श्यामपुर, निरसा धनबाद को 5-1 से हराकर खिताब जीत लिया। मालपहाड़ी, पाकुड़ के स्टार खिलाड़ी और प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किये गए शिवधन किस्कू ने हैट्रिक समेत 4 गोल दाग टीम को एकतरफा जीत दिला दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, प्रधान सचिव विनय चौबे, निदेशक सरोजनी लकड़ा मौजूद रहे। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मौजूद अतिथियों ने खिलाड़ियों के बीच कैश प्राइज ट्रॉफी और मेडल वितरित किया और विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले तमाम खिलाड़ियों को बधाई दी है।

महिला व पुरुष वर्ग की विजेता टीम को 3 लाख रुपये का कैश प्राइज दिया गया, तो वहीं उपविजेता टीम को 2 लाख का कैश प्राइज मुख्यमंत्री के हाथों प्रदान किया गया। इसके अलावा दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को फुटबॉल किट भी प्रदान किया गया।



**महिला वर्ग**
प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट : काजल कुमारी, अनगड़ा रांची
गोलकीपर : रीता कुमारी
**पुरुष वर्ग**
प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट : शिवधन किस्कू, मालपहाडी पाकुड़, गोलकीपर : बड़का कुमार, मालपहाड़ी पाकुड़

## स्मृति मंधाना टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने की रेस में

**नयी दिल्ली।** आइसीसी ने टी20 और वनडे महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के पुरस्कारों के लिए नामित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। भारत की स्मृति मंधाना महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने की रेस में शामिल हैं। वहीं, महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड की रेस में कोई भी भारतीय खिलाड़ी नहीं है। स्मृति मंधाना के अलावा पाकिस्तान की निदा डार, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की ताहिला मैकग्राथ टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने की रेस में शामिल हैं। वहीं, महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने की रेस में दक्षिण अफ्रीका की शबनिम इस्माइल, न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, इंग्लैंड की नैट स्कीवर और ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली शामिल हैं।

**सूर्यकुमार टी20 प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए शॉर्टलिस्ट**

आइसीसी ने 2022 के सलाना अवॉर्ड के लिए खिलाड़ियों के नाम शॉर्टलिस्ट कर लिए हैं। टी20 में विस्फोटक बल्लेबाज भारत के सूर्यकुमार यादव को चुना गया है। उनके अलावा तीन अन्य खिलाड़ियों को भी शॉर्टलिस्ट किया गया।

## स्पोर्ट्स

### सर्विसेज के खिलाफ सौरभ तिवारी के शतक से झारखंड मजबूत, 184 रन की बढ़त



**रांची।** सौरभ तिवारी के शानदार शतक की बदौलत सर्विसेज के खिलाफ झारखंड मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। सौरभ ने 165 रन की पारी में 17 चौके और 3 छक्के लगाए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सौरभ का ये 20वां शतक है। सौरभ की पारी की बदौलत झारखंड ने 8 विकेट पर 551 रन बनाकर घोषित कर दी। अनुकूल रॉय ने 57 और शाहबाज नदीम ने नाबाद 60 रन बनाए। सौरभ ने अनुकूल रॉय और शाहबाज नदीम के साथ बड़ी साझेदारी कर झारखंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 184 रन से पिछड़ने के बाद सर्विसेज ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट खोकर 22 रन बना लिए हैं। सर्विसेज की टीम अभी भी 162 रन के पीछे है।

### आस्ट्रेलिया ने अफ्रीका को दूसरे टेस्ट में हराया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। 17 साल में ऐसा पहली बार हुआ है, जब ऑस्ट्रेलिया ने अपनी सरजमीं पर प्रोटियाज टीम को टेस्ट सीरीज में शिकस्त दी है। आस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने 58 रन देकर तीन विकेट लिए। जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका को पारी और 182 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!